ई-ग्रीन वॉच एप से अपलोड किए गए प्रतिपूरक वनीकरण की नौ साइटों में भी घपला पाया गया। केएमएल फाइलों में हिमाचल के पौधरोपण स्थलों को छत्तीसगढ़, झारखंड और हरियाणा जैसे अन्य राज्यों से अपलोड किया गया था। वर्ष 2020 में सिराज मंडल के तनारा ब्रिज से पनवी रोड के प्रतिपूरक पौधरोपण की फाइल को छत्तीसगढ़ के बतौली से अपलोड किया गया। जबकि 2018 में कुल्लू में बुआई तक लिंक रोड की फाइल उत्तर प्रदेश के कासपेटी रोड, कुल्लू की सोइल से टांडला सड़क निर्माण की फाइल झारखंड, 2017 में कुल्लू की लगवैली की फाइल छत्तीसगढ़ से अपलोड दर्शाई गई है।

# बिना मंजूरी 3.06 करोड़ रुपये की लागत से बना दिए पांच विश्राम गृह

**कैग रिपोर्ट में खुलासा : अटल टनल रोहतांग की 12.09 करोड़ की मलबा पुनर्वास योजना भी लागू नहीं**

अमर उजाला ब्यूरो

**अप्रैल 2016 से मार्च 2021 की कैग रिपोर्ट में खुलासा सीएम ने पटल पर रखी**

**नेचर व ईको पार्कों के विकास पर 6.51 करोड़ रुपये का अनुचित व्यय**

**शिमला।** कैग की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि हिमाचल प्रदेश में वन संरक्षण अधिनियम की अनदेखी कर करोड़ों रुपये खर्च किए गए। बिना पूर्व अनुमोदन और कार्ययोजना के 3.06 करोड़ रुपये की लागत से पांच नए विश्राम गृह बना दिए गए। इनमें वीआईपी कमरों सहित आठ कमरे शामिल हैं। इन रेस्ट हाउसों में धरोटधार, केलोधार, रैंगलू, जाच और नैना हैं। ये मंडी जिला में हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कैग रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी। रिपोर्ट के अनुसान अटल टनल रोहतांग से जुड़ी 12.09 करोड़ की मलबा पुनर्वास योजना को मंजूरी के 13 साल बाद भी लागू नहीं किया जा सका। राज्य प्राधिकरण की बैठकें समय पर नहीं हुईं। प्रतिपूरक वनीकरण कोष का उपयोग अधूरा रहा। वर्ष 2016-17 से 2021-22 के बीच राष्ट्रीय प्राधिकरण से मिली निधियों में से 169.73 करोड़ यानी करीब 20 फीसदी खर्च ही नहीं हो पाया। जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की गाइडलाइन का उल्लंघन करते हुए वर्ष 2019-20 और 2020-21 में अवक्रमित वन भूमि के विकास की बजाय 6.51 करोड़ रुपये ईको और नेचर पार्कों पर खर्च कर दिए गए।

कैग ने बताया कि प्रयोक्ता एजेंसियों से वन मंजूरी के लिए 1,018 मामले आए। इनमें से 766 लंबित रहे। इनमें से 17 प्रतिशत राज्य वन विभाग और शेष एजेंसियों के स्तर पर अटके रहे। विभाग प्रयोक्ता एजेंसियों से प्रतिपूरक वनीकरण की 3.29 करोड़ की वसूली भी नहीं कर पाया।

## ग्लोबल वार्मिंग पर भी अधूरी रही योजना

कैग रिपोर्ट के अनुसार 1.01 करोड़ रुपये व्यय करने के बाद भी वन विभाग हाई एल्टीट्यूड ट्रांजिशन जोन के तहत पौधरोपण नहीं कर सका। ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए 500 हेक्टेयर हाई एल्टीट्यूड ट्रांजिशन जोन स्थापित करने की अतिरिक्त शर्त भी पूरी नहीं हुई। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की शर्तों का चार वर्षों तक उल्लंघन करने के कारण प्रयोक्ता एजेंसी को 3.29 करोड़ के सामान्य निवल वर्तमान मूल्य के दोगुन के बराबर दंड का भुगतान करना था, लेकिन विभाग इसकी वसूली करने में विफल रहा। राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनरोपण प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैंपा) में धनराशि जमा न करना, रोकड़ बही का गैर व अनुचित रखरखाव, वास्तविक व्यय के बिना उपयोग प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना, धनराशि का विवरण न होना, व्यय का उल्लेख न करना, लेखापरीक्षा को झूठे व भ्रामक उत्तर प्रस्तुत करना और इस धनराशि के उपयोग में बिल व वाउचर प्रस्तुत न करना पाया गया।

# राज्य लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष को 48, सदस्यों को 45 हजार पेंशन

**शिमला।** राज्य सरकार ने सोमवार को लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष को 48 हजार रुपये और सदस्यों को 45 हजार पेंशन देने की अधिसूचना जारी की है।

**अधिसूचना जारी**

कार्मिक विभाग की ओर से राजपत्र में जारी अधिसूचना में बताया गया कि आयोग के उन पूर्व अध्यक्षों और सदस्यों को बढ़ी हुई पेंशन का लाभ मिलेगा जो अपनी नियुक्ति के समय सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र में नौकरी नहीं कर रहे थे। संशोधन में उन व्यक्तियों को स्पष्ट रूप से शामिल नहीं किया गया है जो आयोग में नियुक्ति से पहले सरकारी या संबंधित सेवा में थे। वे बढ़ी पेंशन लाभ के पात्र नहीं होंगे। पूर्व अध्यक्षों को सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 8,000 और अधिकतम 48,000 रुपये प्रतिमाह मिलेंगे।

सदस्यों को सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 7,500 रुपये प्रति माह मिलेंगे, जिसकी अधिकतम सीमा 45,000 रुपये प्रति माह होगी। इसके अलावा मूल पेंशन राशि में 6 फीसदी की वार्षिक वृद्धि लागू होगी। ब्यूरो

# अनुराग का हमला बोले, आपदा सरकार बन गई कांग्रेस

**ऊना।** पूर्व केंद्रीय मंत्रीय अनुराग ठाकुर ने कहा प्रदेश में 2022 कि कांग्रेस सरकार एक आपदा सरकार बनकर आई है। आपदा के समय सरकार की ओर से भाई भतीजावाद को बढ़ावा दिया गया, 2000 से अधिक संस्थाओं को बंद कर दिया। झूठी गारंटियों से जनता को ठगा गया और अब तो पशु मित्र जैसे पदों को जारी कर प्रदेश भर में बेरोजगारों के जख्मों पर नमक छिड़का गया। जहां सरकार ने 58 साल की पक्की नौकरी का वादा किया था, आज 3 साल में केवल 30,000 नौकरियां ही दे पाई वह भी कच्ची।

अनुराग ठाकुर ने भाजपा जिला कार्यालय ऊना में आयोजित भाजपा प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल भाजपा की नई टीम विकसित भारत लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2027 विधानसभा चुनावों में हिमाचल भाजपा पूरी एकजुटता के साथ सरकार बनाकर जनकल्याण के कार्यों को नई गति देने का काम करेगी।

अनुराग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भाजपा की नवगठित टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप विकसित भारत निर्माण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल भाजपा की नई टीम के सभी पदाधिकारियों पर जिम्मेदारी है कि वे मंडल से लेकर बूथ तक पार्टी को और सुदृढ़ करने का काम करें । संवाद

## रेगुलेटरी कमीशन के लिए जिनकी बात हो रही, वे ठीक नहीं : बिक्रम

**शिमला।** भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने सदन में सोमवार को कहा कि आपको बता रहा हूं कि रेगुलेटरी कमीशन में जिन तीन लोगों के नाम चल रहे हैं, वे तीनों ठीक नहीं हैं। उनके नाम मैं सदन को नहीं बताना चाहता। आपके कमरे में बता दूंगा। ब्यूरो

# सीएम सुक्खू के खिलाफ सुधीर ने दिया विशेषाधिकार हनन का नोटिस

## सदन में गलत तथ्य देकर गुमराह करने वाली जानकारी देने का आरोप



**शिमला।** भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष को भेजे पत्र में सदन में कई बार गलत तथ्य और गुमराह करने वाली जानकारियां देने का सीएम सुक्खू पर आरोप लगाया है। सुधीर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस नोटिस की जानकारी सार्वजनिक की। सुधीर ने रोजगार, आदर्श स्वास्थ्य संस्थान, आपदा राहत राशि, डीए और गारंटियों का पत्र में उल्लेख किया है।

सुधीर ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट सत्र में सीएम ने विभिन्न विभागों में 25 हजार युवाओं को रोजगार देने की बात कही। पिछले साल मानसून सत्र में सरकार ने बताया कि उन्होंने सरकारी क्षेत्र में 34 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया है। इस साल स्वतंत्रता दिवस पर सीएम ने कहा कि उन्होंने 23 हजार लोगों को रोजगार दिया है।

सुधीर ने लिखा कि पहले बजट सत्र से ही सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाने की घोषणा की। आज तक एक भी ऐसी चीज प्रदेश में नहीं बनी। भाजपा के भी 28 विधायक सदन के सदस्य हैं। उनके यहां एक भी ऐसा संस्था नहीं है। सरकार ने इस बार के बजट में डीए देने की घोषणा की, लेकिन आज तक जारी नहीं किया।

उधर, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर नोटिस शेयर नहीं कर सकते। विधानसभा सचिवालय के पास यह पत्र विचाराधीन है। अगर तथ्य नहीं हुए और बेबुनियाद पाए तो इसके खिलाफ भी कई प्रावधान हैं। हम देख रहे हैं कि विधायक ने क्या-क्या मामला उठाया है। इस बाबत उचित फैसला लिया जाएगा। ब्यूरो

हिमाचल और अमर उजाला का जुड़ाव 26 साल पुराना है। 20 जुलाई, 1999 को चंडीगढ़ संस्करण शुरू होने के साथ अमर उजाला ने हिमाचल प्रदेश में कदम रखा। प्रदेश के आखिरी छोर तक सुबह की पहली किरण के साथ अमर उजाला पहुंच सके, इसके लिए 26 अगस्त, 2022 को शिमला संस्करण शुरू हुआ। आज शिमला संस्करण के तीसरे स्थापना दिवस पर पेश है पहाड़ों की रानी के भविष्य की तस्वीर...

# न जाम न तीखे मोड़, अब परवाणू से ही रोपवे के जरिये सीधे शिमला पहुंचेंगे पर्यटक, सफर भी हो जाएगा आधा

## दुनिया का दूसरा सबसे लंबा रोपवे प्रोजेक्ट सैलानियों की राह करेगा और आसान, पर्यटन को भी लगेंगे पंख

**02** घंटे में होगा परवाणू से शिमला का सफर अभी पहुंचने में लगते हैं साढ़े तीन घंटे

घुमावदार सड़कें और ट्रैफिक के झंझट से हजारों लोगों खासकर चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा से आने वाले पर्यटकों को छुटकारा मिलने जा रहा है। परवाणू से शिमला तक 38 किलोमीटर लंबे रोपवे का निर्माण होगा। यह रोपवे देश का पहला और दुनिया का दूसरा सबसे लंबा प्रोजेक्ट होगा। आठ चरणों में इसका काम पूरा होगा।

परवाणू पहुंचने से शिमला पहुंचने में लोगों को जहां साढ़े तीन घंटे का समय लग जाता है। वहीं, रोपवे से दो घंटे लगेंगे। परवाणू से शिमला तक का सफर अब हवा में होगा। इससे जहां ट्रैफिक का शोर कम होगा। वहीं गाड़ियों से निकलने वाले प्रदूषण से भी लोगों को राहत मिलेगी। इसके लिए न तो पहाड़ कटेंगे और न ही जंगल उजड़ेंगे। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर बनाया जा रहा है।

इस परियोजना पर लगभग 6800 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इस सुविधा से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि हजारों लोगों का सड़क यातायात भी कम हो जाएगा।



पहाड़ों की रानी

## तारादेवी से शिमला का 12 मिनट में होगा सफर

**शिमला।** तारादेवी से शिमला तक बनने वाला अत्याधुनिक रोपवे (रज्जू मार्ग) 13.79 किलोमीटर लंबा होगा। इस रोपवे से शहरवासियों का सफर न केवल सुगम होगा। वहीं रोजाना हजारों लोग बसों व गाड़ियों के घंटों जाम में फंसने से भी निजात मिल जाएगी। परियोजना में करीब तीन साल की देरी और लागत में 562 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है। इस रोपवे में कुल 15 स्टेशन होंगे। वहीं एक दिशा में लगभग एक हजार यानी कि दोनों तरफ दो हजार यात्री सफर कर पाएंगे। वहीं इस रोपवे में यात्रा का समय 12 से 15 मिनट के बीच का होगा। स्टेशनों पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। ब्यूरो



## रोपवे के ये होंगे स्टेशन

यात्री तारादेवी, चक्कर, टुटीकंडी पार्किंग, आईएसबीटी, 103 टनल, रेलवे स्टेशन, विक्ट्री टनल, ओल्ड बस स्टैंड, आईसीआर, लक्कड़ बाजार, आईजीएमसी, संजौली, नवबहार, सचिवालय व लिफ्ट के पास ट्रॉली में बैठ सकेंगे।

## परियोजना के मुख्य बिंदु

- रोपवे में प्रति घंटे लगभग 2,000 लोगों को ले जाया जा सकेगा। रोपवे में कुल 11 स्टेशन बनाए जाएंगे। जोकि परवाणू, जाबली, धर्मपुर, बड़ोग, सोलन, करोल टिब्बा, वाकनाघाट, कंडाघाट, शोघी, तारादेवी से होते हुए शिमला पहुंचेगा।
- इस रोपवे का मुख्य उद्देश्य यातायात की भीड़ को कम करना, सड़क प्रदूषण में कमी लाना और पर्यटन को बढ़ावा देना है। शिमला आने-जाने का यह एक सुगम विकल्प होगा। इस परियोजना को 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

अमर उजाला
26 AUG 2025



# टूरिज्म का नया हब बन रहा बिलासपुर

## रेललाइन का हो रहा निर्माण, फोरलेन ने सफर किया आरामदायक, गोबिंद सागर में चल रहे क्रूज, शिकारे



**बिलासपुर।** बिलासपुर विकास और पर्यटन की नई इबारत लिख रहा है। यहां भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेललाइन का निर्माण तेज गति से चला हुआ है। निर्माण पूरा होने के बाद प्रदेश का पहला ऐसा पहाड़ी जिला होगा जो ब्रॉडगेज रेललाइन से जुड़ेगा। भानुपल्ली-बिलासपुर रेललाइन पर 20 टनल बनाई जा रही हैं। रेललाइन के लिए गोबिंद सागर झील पर 80 मीटर ऊंचे 69 पिलर का निर्माण चल रहा है। जब झील के ऊपर से इन पिलरों से रेललाइन गुजरेगी तो अलग ही तरह का नजारा होगा। इस रेललाइन का निर्माण साल 2027 के अंत तक पूरा होने का लक्ष्य है। किरतपुर-मनाली फोरलेन का निर्माण पूरा हो चुका है। प्रदेश में पहली बार बिलासपुर शहर में गोबिंद सागर झील में शिकारा और क्रूज चलाए जा रहे हैं। पैरा मोटर और पैरा सेलिंग जैसी साहसिक गतिविधियां हो रही हैं। स्थानीय प्रशासन टापू टूरिज्म को भी विकसित कर रहा है। दो टापुओं को लीज पर दिया गया है। संवाद

- पैराग्लाइडिंग के लिए बंदलाधार ने बनाई अपनी पहचान
- सांडू मैदान में गोबिंद सागर झील में जलमग्न हुए मंदिरों को स्थानांतरित के लिए 1,400 करोड़ की योजना।
- भाखड़ा घाट से कोसरियां घाट तक वाटर मेट्रो सेवा शुरू करने की तैयारी।
- एम्स शुरू होने से बिलासपुर स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए नाम के रूप में उभरा है। यहां एम्स को खुले हुए तीन साल से अधिक समय हो गया है। आज यहां प्रदेश समेत पंजाब से भी लोग स्वास्थ्य उपचार लेने पहुंच रहे हैं।

# रामपुर और किन्नौर के सेब को घर-द्वार मिलेगा बाजार



रामपुर बुशहर। रामपुर नगर परिषद के वार्ड-6 में 12 करोड़ की लागत से आधुनिक सब्जी मंडी का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए एपीएमसी ने औपचारिकता पूरी कर ली है। इससे रामपुर, किन्नौर के बागवानों को राहत मिलेगी। आधुनिक सब्जी मंडी का निर्माण डकोलढ़ में 1.95 हेक्टेयर भूमि पर किया जाएगा। बेसमेंट बनाने के लिए दो करोड़ का टेंडर कर काम शुरू कर दिया है। वहीं, चार जिलों के प्रमुख व्यापारिक केंद्र रामपुर में रोजाना हजारों वाहनों का आना जाना रहता है। नगर परिषद यहां करीब छह करोड़ रुपये की लागत से यहां बहुमंजिला पार्किंग का निर्माण करेगी। संवाद

- **सीए स्टोर :** रामपुर के दत्तनगर में 21 करोड़ की लागत से कोल्ड स्टोर का जल्द निर्माण होगा। कोल्ड स्टोर में 2,500 मीट्रिक टन की क्षमता के साथ एक लाख 25 हजार सेब पेटियों का भंडारण होगा।
- **बाईपास पुल :** कुल्लू और शिमला जिले को जोड़ने के लिए सतलुज नदी पर चाटी बाईपास पुल का निर्माण होगा। लोक निर्माण विभाग ने रॉक टेस्टिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली है। 19 करोड़ रुपये की लागत की डीपीआर तैयार कर प्रदेश सरकार को मंजूरी के लिए भेज दी है।

# सोलन में मेडिकल डिवाइस पार्क चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन की सौगात

**सोलन।** चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन का संडोली गांव में रेलवे स्टेशन बनना है। सूरजपुर से बद्दी तक अलग से लाइन बनाने का कार्य चला हुआ है। बद्दी के 9 गांव इस प्रोजेक्ट के तहत आए हैं। जमीन अधिग्रहण कर कार्य पिछले तीन साल से चला हुआ है। 2026 में इसका काम पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बनने से एशिया का सबसे बड़ा फार्मा हब रेलवे लाइन से जुड़ जाएगा। इसके जुड़ने से चंडीगढ़ और अन्य स्थानों से आने वाले कामगारों को फायदा होगा। सबसे बड़ा फायदा उद्योगों को होगा। नालागढ़ के मझौली में 1623 बीघा जमीन पर मेडिकल डिवाइस पार्क बन रहा है। यह पार्क एचपीएसआईडीसी तैयार कर रहा है। अभी तक 40 फीसदी काम इसका पूरा हो चुका है। संवाद

अमर उजाला 26 AUG 2025

40

# भारी बारिश... मणिमहेश गए 4 श्रद्धालुओं समेत पांच की मौत, यात्रा स्थगित, चंबा-कांगड़ा में आज रेड अलर्ट

## पांच एनएच समेत 793 सड़कें बंद, सात जिलों में भारी बारिश की चेतावनी; ऊना, चंबा कुल्लू, मंडी, कांगड़ा, सोलन और बिलासपुर में मंगलवार को भी बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला/धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच सोमवार को कांगड़ा, कुल्लू, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी में भारी बारिश हुई। बारिश-भूस्खलन के चलते कई जगह भारी नुकसान हुआ है। मणिमहेश यात्रा पर गए पंजाब के चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। प्रशासन ने यात्रा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया है। दो हजार से ज्यादा श्रद्धालु अभी भी बीच रास्ते में फंसे हैं। सभी सुरक्षित स्थानों पर हैं। उधर, नूरपुर में डडवाड़ा गांव के गुरुदेव सिंह की खड्ड में बहने से मौत हो गई। शिंकुला दर्रा, कुगती जोत, बारालाचा में 10 से 20 सेंमी तक बर्फबारी हुई है।

मौसम को देखते हुए मंगलवार को ऊना, चंबा, कुल्लू, मंडी, कांगड़ा, बिलासपुर और सोलन में स्कूल बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। बारिश-भूस्खलन से आनी-कुल्लू, मंडी-कुल्लू, मंडी-पठानकोट, जालंधर-मंडी और भरमौर-पठानकोट हाईवे समेत प्रदेश में 793 सड़कें बंद हो गई हैं। साथ ही 956 ट्रांसफार्मर और 517 पेयजल योजनाएं ठप हैं। इस बीच, मौसम विभाग ने मंगलवार को भी चंबा और कांगड़ा में रेड और कुल्लू-मंडी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना में येलो अलर्ट रहेगा।

राजधानी शिमला में रविवार देर रात से जारी बारिश सोमवार को भी जारी रही। कालका-शिमला नेशनल हाईवे को चक्कीमोड़ के पास वनवे कर दिया गया है। वहीं, बिलासपुर में किरतपुर-मनाली फोरलेन भूस्खलन से कई घंटे बंद रहा। मरोतन में मलबे की चपेट में आने से दो कारें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। वहीं, पहाड़ से गिरे पत्थर की चपेट में वोल्वो के चपेट में आने से पांच सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। मंडी में रविवार रात को किरतपुर-मनाली हाईवे बंद होने से हनोगी टनल और रैंसनाला टनल के भीतर करीब 300 गाड़ियां फंसी रहीं। सुंदरनगर में एक गोशाला गिर गई है। सराज में भूस्खलन के खतरे को देखते हुए चार मकान खाली करवाए गए हैं। चंबा में रविवार रात जोत मार्ग पर 100 से अधिक वाहन फंसे रहे। कई घंटे कोई मदद न मिलने पर श्रद्धालुओं ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए। वहीं, मणिमहेश यात्रा पर गए पंजाब के चार श्रद्धालुओं की खराब मौसम के बीच मौत हो गई। इनमें पठानकोट के जिला सुजानपुर के अमन, पठानकोट के रोहित, गुरदासपुर निवासी अनमोल शामिल हैं। एक अन्य की पहचान नहीं हुई है। इसी बीच, प्रशासन के आगामी आदेशों तक मणिमहेश यात्रा पर रोक लगा दी है। जम्मू, डोडा, किश्तवाड़ और कांगड़ा के डीसी और एसपी को भी यात्रियों को न भेजने के लिए सूचित किया गया है। कुल्लू में शास्त्रीनगर में नाले का जलस्तर बढ़ने से पानी दुकानों में घुस गया। ऊना के अबादा वराना स्कूल के भवन में साथ लगती पहाड़ी का मलबा घुस गया। अंब उपमंडल के थड़ा में पहाड़ी दरकने से स्कूल के अध्यापक मलबे की चपेट में आ गए। टकारला पंचायत में मकान पर मलबे गिरने से एक बच्चा घायल हो गया। कांगड़ा में पौंग बांध से ब्यास नदी में सोमवार को 63,772 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने से इंदौरा के मंड और मिलवां क्षेत्र के ग्रामीणों में एक बार फिर दहशत का माहौल है।

सोमवार को गगल एयरपोर्ट पर कोई उड़ान नहीं पहुंची। भूस्खलन से रप्पड़ पंचायत में गोशाला भारी मलबे में जमींदोज होने से तीन मवेशी दफन हो गए। गंगथ में पानी घरों में घुस गया। इंदौरा-पठानकोट मार्ग पर मलोट में पुली टूट जाने से यातायात बंद है। 24 घंटे के भीतर कांगड़ा जिले में 19 मकानों समेत दो रसोई घरों को नुकसान पहुंचा है। >> बारिश-भूस्खलन से शिमला जिले में 102 सड़कें अवरुद्ध ... पेज 3 पर



इंदौरा में जल भराव के कारण फंसे वाहन और लोग। स्रोत: जागरूक पाठक

### प्रशासन के निर्देशों का अनुपालन करें : सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मणिमहेश यात्रा के दौरान चार श्रद्धालुओं के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने लोगों को प्रशासन की ओर से जारी किए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों को भूस्खलन, सड़क अवरोध और अचानक बाढ़ की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

### 24 घंटे में 190 एमएम बारिश

| | |
|---|---|
| काहू (बिलासपुर) | 190.5 |
| जोत | 159.2 |
| बरठीं | 156.4 |
| धर्मशाला | 149 |
| नयना देवी | 148.4 |
| घाघस | 148.0 |
| बिलासपुर | 140.8 |
| भटियात | 140.2 |
| अंब | 111.0 |
| बंगाणा | 104 |
| नादौन | 94 |
| सलापड़ | 90.6 |
| कसौली | 85.0 |

### एक दिन में 550 फीसदी ज्यादा बारिश

हिमाचल में 25 अगस्त को चौबीस घंटों के दौरान सामान्य से 550 फीसदी ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है। वहीं, प्रदेश में रविवार और सोमवार को 47 पक्के और 98 कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। मानसून सीजन के दौरान अभी तक कुल 2394 करोड़ की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। 20 जून से 25 अगस्त तक 306 लोगों को जान गंवानी पड़ी है। 367 लोग घायल हुए हैं। 38 अभी लापता हैं। बादल फटने, भूस्खलन, बाढ़ से अब तक 3,656 कच्चे-पक्के घरों, दुकानों को क्षति हुई है। 2,819 गोशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं।

## हिमाचल में तबाही के पीछे पेड़ों की कटाई, चौड़ी सड़कें व जलविद्युत परियोजनाएं : सुप्रीम कोर्ट



### सहायता के लिए शीर्ष कोर्ट ने किया न्याय मित्र नियुक्त करने का फैसला

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में बढ़ते पर्यावरणीय संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बड़ा कदम उठाते हुए मामले में सहायता के लिए एमिकस क्यूरी (न्याय मित्र) नियुक्त करने का फैसला किया। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ इस मामले की स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान हिमाचल सरकार ने बताया कि 23 अगस्त को राज्य की ओर से रिपोर्ट दाखिल कर दी गई है। अदालत ने कहा कि स्थिति लगातार बिगड़ रही है और जलवायु परिवर्तन का असर स्पष्ट और चिंताजनक रूप से दिख रहा है। विशेषज्ञों और विभिन्न रिपोर्टों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि राज्य में तबाही की बड़ी वजहें जलविद्युत परियोजनाएं, चौड़ी सड़कें, पेड़ों की कटाई और बहुमंजिला इमारतें हैं। इससे पहले 28 जुलाई को जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की एक अन्य पीठ ने कहा था कि अगर स्थिति नहीं बदली तो हिमाचल प्रदेश हवा में लुप्त हो सकता है। जस्टिस नाथ और जस्टिस मेहता की पीठ ने कहा, पर्यटन राज्य की आय का अहम जरिया है, लेकिन अनियंत्रित पर्यटन पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है। जरूरी है कि विकास योजनाओं से पहले भूवैज्ञानिकों, पर्यावरण विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों की राय ली जाए। अदालत ने केंद्र सरकार को भी जिम्मेदार ठहराया और कहा कि अब हिमाचल को सही दिशा में तत्काल कदम उठाने होंगे, वरना आपदाएं और बढ़ेंगी। मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद होगी। एजेंसी

41
अमर उ... ला
26 AUG 2025

# उम्मीदें : इन आठ परियोजनाओं से आसान होगी आम लोगों की जिंदगी

राजधानी की करीब ढाई लाख की आबादी और यहां आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए आठ ऐसी विकास परियोजनाएं चल रही हैं जो आने वाले समय में बड़ी राहत देंगी। इसमें फ्लाईओवर, डबललेन पुल, 24 घंटे पानी की आपूर्ति, टनल, पार्किंग और तारों के जंजाल को खत्म करने जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट शामिल हैं। कई प्रोजेक्ट ऐसे हैं जिनकी सुविधा इसी साल से मिलना शुरू हो जाएगी।

## 01 जाम से निजात — विधानसभा, खलीनी में बनेंगे फ्लाईओवर

विस के समीप 26.75 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। इसका कार्य मार्च 2026 तक पूरा होने का लक्ष्य है। इधर, खलीनी में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग फ्लाईओवर बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इसके बनने से पंथाघाटी, विकासनगर समेत आसपास के क्षेत्रों से शिमला आने वाले हजारों लोगों को खलीनी में लगने वाले ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी।



## 02 24 घंटे पानी — इस साल के अंत तक मिलेगी सुविधा

शहरवासियों को इस साल के अंत तक 24 घंटे पानी की सुविधा मिलने की उम्मीद है। 1,200 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट का कार्य अंतिम चरण में है। लोगों की सुविधा के लिए बन रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत सतलुज से पानी लिफ्ट करके शिमला लाया जा रहा है। इस परियोजना के तैयार होने से शहर की ढाई लाख की आबादी को पेयजल किल्लत से निजात मिल जाएगी।



## 03 भूमिगत होंगी तार — शहर में नहीं होगा तारों का जंजाल, 145 करोड़ से शुरू हुआ प्रोजेक्ट



शहर से तारों का जंजाल खत्म करने के लिए प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। 145 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट से छोटा शिमला से एडवांस्ड स्टडी तक तारों को भूमिगत करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके बाद शहर के अन्य हिस्सों में भी तारों को भूमिगत किया जाएगा। पहले चरण में छोटा शिमला से ओक ओवर तक कार्य शुरू कर दिया गया है।

## 04 लिफ्ट सुविधा — विकासनगर, लक्कड़ बाजार में लगेगी लिफ्ट

शिमला पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण यहां लोगों को गंतव्य तक पहुंचने लिए खड़ी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। इसको देखते हुए शहर में कई जगहों पर लिफ्ट के निर्माण की कवायद शुरू की गई है। लक्कड़ बाजार और शिमला के विकासनगर में लिफ्ट बनकर तैयार हो रही है। इससे लोग कम समय में गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। इनके बनने से बुजुर्गों को सबसे अधिक राहत मिलेगी। मिडिल बाजार में लिफ्ट बनकर तैयार हो चुकी है।



## 05 मिलेगी हर सुविधा — 200 करोड़ रुपये से बनेगा नया परिसर

सब्जी मंडी में नए व्यावसायिक परिसर का निर्माण प्रस्तावित है। शहरवासियों को एक छत के नीचे नगर निगम की सभी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। वर्तमान में लोगों को टैक्स से लेकर पानी के बिलों और अन्य सुविधाओं के लिए अलग-अलग जगहों पर जाना पड़ता है। नए व्यावसायिक परिसर में सभी सुविधाएं एक साथ मिलने से बड़ी राहत मिलेगी। इस प्रोजेक्ट पर 200 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है।



## 06 पार्किंग सुविधा — 1000 वाहनों के लिए चार पार्किंग

शिमला में पार्किंग की समस्या से लोगों को हर रोज दो चार होना पड़ता है। शहर में चार बहुमंजिला पार्किंग बनकर तैयार हो रही हैं। इनके बनने से उपनगरों के साथ ही शहर के प्रमुख स्थलों पर लोगों को पार्किंग की सुविधा मिल सकेगी। आईजीएमसी, पुराना बस अड्डा, एसडीए कांप्लेक्स, विकासनगर में बन रही पार्किंग में एक हजार से अधिक वाहन पार्क होंगे।



## 07 डबललेन पुल बनेगा — आठ करोड़ रुपये से लिफ्ट के पास बनाया जाएगा पुल

शहर में एचपीटीडीसी की लिफ्ट के पास जाम से हर रोज लोगों को जूझना पड़ता है। इसकी मुख्य वजह यह है कि यहां पर वाहनों की संख्या के अनुपात में पुल पर्याप्त नहीं है। इस समस्या के समाधान के लिए यहां पर डबललेन पुल का निर्माण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग ने अगले साल मार्च तक पुल के निर्माण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है। इस पुल के बनने से लिफ्ट के पास वाहनों की आवाजाही सुगमता से होगी, साथ ही सर्कुलर रोड पर लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। पुल के निर्माण पर आठ करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है।



## 08 मरीजों के लिए राहत — टॉलैंड से आईजीएमसी के लिए बनाई जाएगी टनल

टॉलैंड से इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) के लिए बनने वाली सुरंग (टनल) के लिए पांच करोड़ रुपये से सर्वेक्षण होगा। हिमाचल प्रदेश सड़क और अन्य बुनियादी ढांचा विकास निगम लिमिटेड ने आवेदन लेने के बाद कंपनी की चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका तकनीकी मूल्यांकन का कार्य भी पूरा कर लिया है। कंसल्टेंसी कंपनी टनल निर्माण के लिए फिजिबिलिटी के साथ ही डीपीआर बनाने का काम करेगी। इसके लिए तीन से चार कंपनियों ने आवेदन किया है।



42

पंजाब केसरी
26 AUG 2025

# सरकार में होनी चाहिए फैसले लेने की क्षमता, हम टाइम पास वाली सरकार नहीं : सुक्खू

**कहा : हमारे हाथ बांधने की हुई बहुत कोशिश, लेकिन वे नहीं रुकेंगे; सभी विभागों में हुआ व्यवस्था परिवर्तन, प्राकृतिक खेती किसान व बागवानों को बनाएगी आत्मनिर्भर**



*शिमला : विधानसभा के मानसून सत्र के छठे दिन सदन को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।* (नि.स.)

शिमला, 25 अगस्त (भूपिन्द्र): मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आने वाले समय में प्राकृतिक खेती किसान व बागवानों को आत्मनिर्भर बनाएगी। अगले वर्ष से प्राकृतिक खेती योजना का स्वरूप और ज्यादा बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार में फैसले लेने की ताकत होनी चाहिए, टाइम पास वाली सरकार नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह टाइम पास के लिए नहीं आए हैं। सुक्खू ने कहा है कि कड़े फैसले लेने की सरकार में क्षमता होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि जरूरी हुआ तो सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विधायक निधि में कटौती से गुरेज नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि उनके हाथ बांधने की बहुत कोशिश की गई लेकिन वह रुकेंगे नहीं। यह बात उन्होंने सोमवार को विधानसभा में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर नियम 130 के तहत लाए प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में हस्तक्षेप करते हुए कही। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार फैसले लेती है फिर चाहे कोई भी क्षेत्र हो। सरकार का हरेक मंत्री व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा है और सभी मंत्रियों के विभागों में व्यवस्था परिवर्तन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह पूर्व सरकार नहीं जो फैसले नहीं ले पाती थी।

वर्तमान सरकार 3 वर्ष का हिसाब भी देगी और यह भी बताएगी कि उसके लिए फैसलों से हिमाचल कैसे बदला है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती का कंसैप्ट हिमाचल की तकदीर बदल देगा।

## प्राकृतिक खेती योजना अब राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना

**प्राकृतिक** खेती को चलाने के लिए एडिशनल डायरैक्टर स्तर का अधिकारी लगाया जाएगा, वहीं इस योजना का नाम राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना होगा। सभी विधायकों से उन्होंने आग्रह किया कि वे किसानों के प्राकृतिक खेती के फार्म भरवाएं। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष राज्य में प्राकृतिक खेती का रंग व स्वरूप बदलेगा। उन्होंने कहा कि 25 हजार करोड़ सरकारी कर्मचारी व पैंशनरों पर खर्च कर रहे हैं तो गांव के लोगों पर 2,000 करोड़ खर्च नहीं कर सकते। इस तरह की सोच सरकार रखती है और 25,000 रुपए किसान के घर में आमदनी हो, यह तय करेंगे।

जल्दी ही प्रदेश में किसानों के सम्मेलन करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व राज्यपाल आचार्य देवव्रत का उन्हें फोन आया जिन्होंने कहा कि जिस सोच व लगन के साथ आपने इस खेती को बढ़ावा दिया है, उससे हिमाचल पूरे देश को रास्ता दिखाएगा। उन्होंने सदन में ऐलान किया कि 3,000 टैक्सियों को ई-टैक्सी में बदलने जा रहे हैं, जिसमें युवाओं को 40 फीसदी सबसिडी दी जाएगी। जल्दी ही ये टैक्सियां युवाओं को सौंपी जाएंगी। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल को ग्रीन राज्य के रूप में विकसित करेंगे। सी.एम. ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था हमारा तीसरा केन्द्र बिंदू है।

सी.एम. ने कहा कि 2 साल में सरकार ने कई तरह के प्रयास किए हैं जिसके नतीजे आने शुरू हो चुके हैं। वीरभूमि के लोग देश के लिए बलिदान देने में भी सबसे आगे हैं। हरेक युद्ध में यहां के वीर सैनिक आगे हैं। भर्ती का एक मौका रहता था लेकिन अब उसमें भी अग्निवीर लगाने लगे हैं, जिससे भर्ती पर भी रोक लग गई है।

## शिक्षा व कृषि क्षेत्र में किया व्यवस्था परिवर्तन, स्वास्थ्य में प्रक्रिया जारी

सी.एम. ने कहा कि सरकार ने शिक्षा व कृषि-बागवानी के क्षेत्र में व्यवस्था परिवर्तन किया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यवस्था परिवर्तन की प्रक्रिया जारी है। 1 वर्ष में अस्पतालों में एम्स स्तर की सुविधाएं दी जाएंगी, साथ ही सभी मैडीकल कालेजों में आधुनिक उपकरण मुहैया करवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार खेतीबाड़ी कर रहे लोगों की फसलों की सुरक्षा के लिए खेतों में जालीदार बाड़ लगाने की योजना शुरू करेगी।

## फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए उपकरणों पर सबसिडी देगी सरकार

शिमला (कुलदीप): मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए उपयोगी उपकरणों पर सबसिडी देने पर विचार करेगी। इन उपकरणों में साउंड तथा लाइट सिस्टम भी शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक अनुराधा राणा के सवाल के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने विधायक रीना कश्यप की तरफ से पूछे प्रश्न के उत्तर में कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात करके छैला-नेरीपुल-सनौरा सड़क को सी.आर.एफ. में डालने तथा वैकल्पिक मार्ग बनाने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि सेब सीजन के दौरान और बरसात में यह मार्ग जगह-जगह भूस्खलन के कारण बाधित रहता है। इस सड़क पर अधिक भार क्षमता वाले वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने के लिए एस.पी. सिरमौर और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। रीना कश्यप का कहना था कि सनौरा-नेरीपुल-छैला सड़क मार्ग बड़े ट्रालों की वजह से बाधित रहता है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग पर बने पुलों की क्षमता 9 टन की है और इसे देखते हुए इस मार्ग पर बड़े वाहनों के आने पर रोक लगे। विधायक कुलदीप राठौर के प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुमारसैन पुलिस थाना भवन के लिए भराड़ा में भूमि चिन्हित कर ली गई है। वहीं मुख्यमंत्री ने विधायक बिक्रम ठाकुर के प्रश्न के उत्तर में कहा कि बीते 2 वर्ष में प्रदेश में वन महोत्सव के माध्यम से 35,240 पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि इन पौधों की जीवित रहने की दर 60 से 100 फीसदी है।

## बाल सेविका एवं कार्यकर्त्ताओं को शीघ्र होगा भुगतान

**मुख्यमंत्री** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार बाल सेविका एवं कार्यकर्त्ताओं के लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के संज्ञान में मामला आने पर तुरंत इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने यह बात विधायक जीतराम कटवाल की तरफ से शून्यकाल के दौरान उठाए गए मामले का उत्तर देते हुए कही।

जीतराम कटवाल का कहना था कि बाल सेविका को 3 हजार रुपए और सहायिका को 1,500 रुपए मानदेय मिलता है। इस कार्य को गरीब बेटियां, विधवाएं एवं एकल नारी जैसी महिलाएं करती हैं। ऐसे में सरकार को इनका शीघ्र भुगतान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र से ग्रांट आनी है, तो इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए।

ंजाब केसरी 26 AUG 2025



# प्रसाद योजना में शामिल होगी पवित्र मणिमहेश यात्रा: सुक्खू

## ■ विधायक जनक राज ने उठाया मामला



शिमला, 25 अगस्त (कुलदीप): मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि चम्बा जिले की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा और संबंधित पवित्र स्थलों को केंद्र सरकार की प्रसाद योजना में शामिल करने के प्रस्ताव का प्रदेश सरकार मूल्यांकन कर रही है। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन पूरा होते ही केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने विधायक जनक राज की ओर से नियम 62 के तहत मामला उठाए जाने पर कहा कि इस संबंध में पर्यटन विभाग को क्षेत्रीय कार्यालय चंबा से 6 जून को प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

इससे पहले, विधायक जनक राज ने यह मामला उठाते हुए पवित्र मणिमहेश यात्रा को प्रसाद योजना में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि चंबा जिले में इस वक्त मणिमहेश यात्रा चल रही है। इसमें हर जगह से श्रद्धालु आते हैं। इस यात्रा मार्ग में सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने मुलाकात के दौरान उनसे कहा है कि यदि प्रदेश सरकार इस योजना की अनुशंसा करके मंत्रालय को भेजती है तो केंद्र सरकार इसे प्रसाद योजना में शामिल करने पर विचार करेगी।

# पेखुबेला सोलर प्रोजैक्ट में भ्रष्टाचार हुआ तो ई.डी. के पास करें शिकायत : सुक्खू

## बिक्रम सिंह ने लगाया प्रोजैक्ट में अनियमितता का आरोप, सी.एम.-भाजपा विधायक में हल्की नोंक-झोंक

शिमला, 25 अगस्त (कुलदीप): मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा को चुनौती दी है कि यदि ऊना जिले के पेखुबेला सोलर पावर प्रोजैक्ट में कोई भ्रष्टाचार हुआ है, तो वह इसकी शिकायत ई.डी. और सी.बी.आई. के पास करें। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में नियम 63 के तहत भाजपा के बिक्रम ठाकुर की ओर से लाई गई चर्चा के जवाब में कहा कि यह प्रोजैक्ट अत्यधिक बारिश के कारण पानी भर जाने के चलते बंद किया गया है। यह प्रोजैक्ट 15 सितम्बर से फिर कार्य करना शुरू करेगा।

मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों को निराधार करार देते हुए कहा कि जिस कंपनी को यह प्रोजैक्ट बनाने और रखरखाव का ठेका दिया गया था, उसका 50 करोड़ रुपए का भुगतान सरकार ने रोक दिया है, क्योंकि कंपनी काम छोड़कर चली गई है। उन्होंने कहा कि जब तक यह मामला सुलझ नहीं जाता, तब तक इस प्रोजैक्ट की देखरेख एच.पी.सी.एल. करेगी। उन्होंने कहा कि सी.बी.आई. भी पेखुबेला प्रोजैक्ट को चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले से जोड़कर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष के पास इस प्रोजैक्ट में भ्रष्टाचार से संबंधित कोई दस्तावेज हैं तो वह उन्हें सी.बी.आई. को भी दे सकते हैं। इस दौरान उनकी भाजपा विधायक के साथ हल्की नोंक-झोंक भी हुई।

इससे पहले भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने यह मामला उठाते हुए कहा कि जबसे पेखुबेला सोलर प्रोजैक्ट शुरू हुई है, तब से आज दिन तक इसमें कभी भी पूरी क्षमता से उत्पादन नहीं किया। उन्होंने कहा कि 20 अगस्त को हुई भारी बारिश के कारण यह प्लांट पूरी तरह से पानी में डूब गया, लेकिन आज दिन तक सरकार ने इस प्रोजैक्ट को लेकर उठे सवालों का जवाब नहीं दिया। उन्होंने दावा किया कि इस प्रोजैक्ट में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है।

## ■ यात्रियों को रोक दें पठानकोट, जम्मू और कठुआ के डी.सी. : सुक्खू



भरमौर/शिमला, 25 अगस्त (उत्तम/ संतोष) : मणिमहेश जाते समय पंजाब के 3 श्रद्धालुओं की कथित तौर पर ऑक्सीजन की कमी (हाइपोक्सिया) के कारण मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान पठानकोट के रहने वाले अमन (18) और रोहित (18) तथा गुरदासपुर के रहने वाले अनमोल (26) के रूप में हुई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, 'हाइपोक्सिया' के कारण एक श्रद्धालु की मौत रविवार

**मणिमहेश जाते समय....**

अधिकारियों ने बताया कि शवों को चम्बा के भरमौर लाया जा रहा है और पोस्टमॉर्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया जाएगा। पवित्र मणिमहेश यात्रा पर आगामी आदेश तक पूरी तरह से रोक लगा दी गई है।

डी.सी. मुकेश रेप्सवाल ने सोमवार को इस बाबत आदेश जारी कर दिए हैं। खराब मौसम को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेशों में स्पष्ट किया है कि जो यात्री जहां हैं वहीं रहें। आगामी आदेशों के बाद आगे की यात्रा करें। आदेशों की अवहेलना पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। मणिमहेश यात्रा 17 अगस्त से 15 सितम्बर तक होती है। उधर, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार रात्रि को दो व सोमवार सुबह एक श्रद्धालु की मौत पर शोक जताया है।

शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

सी.एम. ने कहा कि खराब मौसम के कारण मणिमहेश यात्रा को अस्थाई तौर पर स्थगित किया गया है। इसके अतिरिक्त पठानकोट और जम्मू-कश्मीर के डोडा के डी.सी. से अनुरोध किया गया है कि मौसम की स्थिति सामान्य होने तक तीर्थयात्रियों को संबंधित जिलों में ही रोककर रखें।

पंजाब केसरी

26 AUG 2025

44



शिमला : मशोबरा ब्लॉक के सिपुर में राज्य रैडक्रॉस सोसायटी व वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण करते राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल। (नरेश)

# राज्यपाल ने सिपुर में पौधारोपण अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का जगाया अलख

शिमला, 25 अगस्त (संतोष): जिले के मशोबरा ब्लॉक के सिपुर में राज्य रैडक्रॉस सोसायटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लेते हुए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त संदेश देते हुए देवदार का पौधा रोपित किया। राज्यपाल ने सिपुर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की।

राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश अपनी हरी-भरी घाटियों, बर्फ से ढकी चोटियों और नदियों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, राज्य ने भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है।

उन्होंने कहा कि धरती पर घटित होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की तत्काल आवश्यकता की याद दिलाती हैं। वनों का अनियंत्रित कटान, जल संसाधनों का प्रदूषण और अनियोजित विकास के कारण पृथ्वी का संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पौधरोपण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मशोबरा के विद्यार्थियों द्वारा प्रधानाचार्या अनीता गुप्ता के मार्गदर्शन में लगभग 120 पौधे लगाए गए। वन अधिकारियों, रैडक्रॉस सदस्यों और स्थानीय लोगों ने भी पौधरोपण अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सी.पी. वर्मा और मुख्य अरण्यपाल के. थिरुमल ने राज्यपाल का स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रियांशु, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन नेगी, जिला अधिकारी, रैडक्रॉस सदस्य व अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

# प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुई मंडी पेयजल योजना : अग्निहोत्री

शिमला, 25 अगस्त (कुलदीप): उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधायक अनिल शर्मा के प्रश्न के उत्तर में कहा कि मंडी शहर के लिए बनी पेयजल योजना की मुख्य पाइप मथयानी गांव के पास जमीन धंस जाने के कारण बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही है। इसे देखते हुए इस पाइप लाइन को बदलकर अधिक ऊंचाई से ले जाना जरूरी हो गया है। इस समस्या के स्थायी हल के लिए 20 से 25 करोड़ रुपए की आवश्यकता है और इसके लिए विशेष केंद्रीय अनुदान की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना को सुचारू करेगी। जहां तक योजना से जुड़ी धनराशि की जांच का मामला है तो इस बारे में शहरी विकास विभाग जानकारी दे सकता है।

## आई.एस.बी.टी. में अस्पताल खोलने की जांच होगी

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधायक संजय अवस्थी के प्रश्न के उत्तर में कहा कि आई.एस.बी.टी. शिमला में अस्पताल खोलने के मामले में बस अड्डा प्राधिकरण जांच करवा रहा है। उन्होंने कहा कि बस अड्डे में पार्किंग फ्लोर को अस्पताल के उपयोग के लिए इस शर्त पर दिया गया था कि ठेकेदार नियामक प्राधिकरण से सभी जरूरी अनुमतियां प्राप्त करेगा और सभी करों का भुगतान भी स्वयं करेगा।

# बद्दी-नालागढ़ सड़क खराब, टोल टैक्स वसूली पर लगे रोक

शिमला, 25 अगस्त (कुलदीप): विधायक चंद्र कुमार ने शून्यकाल के दौरान बद्दी-नालागढ़ सड़क खराब होने के कारण टोल टैक्स वसूली को रोकने की मांग की। विधायक सुखराम चौधरी ने राजपुर से मंडेला संपर्क मार्ग का मामला उठाया। उन्होंने इस सड़क को शीघ्र दुरुस्त करने की मांग की। विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि उनका विधानसभा क्षेत्र आरक्षित है, जहां 35 हजार लोग इससे संबंधित हैं। ऐसे में उनके विधानसभा क्षेत्र से उन्हें राहत देने के लिए खोले गए कार्यालय को बंद करना गलत है। विधायक इंद्र सिंह गांधी ने ने कन्साह ग्राऊंड की सयाहा पंचायत में डंपिंग साइट से पर्यावरण को हो रहे नुकसान का मामला उठाया।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस पर कहा कि शहरी विकास विभाग और पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इसको लेकर शीघ्र पग उठाए। उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने एन.एच.ए.आई. से जुड़ा विषय उठाया। विधायक भवानी सिंह पठानिया ने विधानसभा में पहले उठ चुके मैंटल हैल्थ प्रोफैशनल और एजुकेशन काऊंसलर को दिए गए आश्वासन के पूरा नहीं होने पर आपत्ति जताई। स्वास्थ्य मंत्री डा. धनीराम शांडिल ने इस पर कहा कि सरकार की तरफ से इसको लेकर शीघ्र कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शिक्षकों के तैनाती आदेश में नहीं होगा संशोधन : रोहित

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विधायक डा. जनक राज के प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार ने दुर्गम क्षेत्रों में खाली पदों को भरने का प्रयास किया है। उनका प्रयास रहेगा कि जिन शिक्षकों की तैनाती दुर्गम क्षेत्रों में की गई है, उनके तैनाती आदेश में कोई संशोधन न हो।

पंजाब केसरी ... 2025

# सिरमौर के जनप्रतिनिधियों ने की पूर्व मुख्यमंत्री डा. परमार की धरोहर सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की मांग



*शिमला : हाटी विकास मंच व अन्य संगठनों के पदाधिकारी उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान से भेंट करते हुए। (नरेश)*

शिमला, 25 अगस्त (ब्यूरो): सोलन–सनौरा–राजगढ़–नौहराधार–हरिपुरधार–रोनहाट–मीनस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने अथवा प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना में तत्काल शामिल करने की मांग को लेकर प्रदेश हाटी विकास मंच व विभिन्न जनसंगठनों की ओर से प्रदेश राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री हर्षवर्धन चौहान को एक ज्ञापन सौंपा गया।

इस ज्ञापन में बताया गया कि यह ऐतिहासिक सड़क, जिसे 1958 से 1962 के बीच हिमाचल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री व राज्य निर्माता डा. यशवंत सिंह परमार के नेतृत्व में जनता के श्रमदान से बनाया गया था, आज भी सिरमौर और आसपास के पर्वतीय व जनजातीय क्षेत्रों की जीवनरेखा मानी जाती है। डा. परमार स्वयं इस सड़क के निर्माण कार्य में अपने हाथों से श्रमदान करते रहे, जो आज भी प्रदेशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

दुर्भाग्यवश इस सड़क का निर्माण होने के बाद से अब तक इसका उचित चौड़ीकरण और आधुनिकीकरण नहीं हो पाया है। संकरे मार्ग और खराब हालत के कारण विशेषकर बरसात के दिनों में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

यह मार्ग सिरमौर जिले के लगभग तीन लाख से अधिक ग्रामीण व जनजातीय लोगों के जीवन, आजीविका, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच का मुख्य साधन है। साथ ही यह मार्ग धार्मिक व पर्यटन दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चूड़धार मंदिर, मां भंगायणी मंदिर, श्री रेणुका जी मंदिर जैसे प्रमुख तीर्थ स्थलों को जोड़ता है।

इस प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश हाटी विकास मंच के अध्यक्ष प्रदीप सिंह सिंगटा, महासचिव डा.- अनिल भारद्वाज और प्रांत कोषाध्यक्ष वी.एन. भारद्वाज, सामाजिक कार्यकर्त्ता एडवोकेट रविंद्र सिंह ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता विवेक तोमर, सतपाल चौहान, रोशन शर्मा, हितेंद्र ठाकुर, अनिल ठाकुर, सोबित ठाकुर शामिल रहे। हाटी विकास मंच ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही इस विषय को केंद्र सरकार के समक्ष रखकर सिरमौर व आसपास के पर्वतीय व जनजातीय क्षेत्रों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी।

जाब केसरी 26 AUG 2025

46

# एक पंचायत में एक कलस्टर में की जाएगी प्राकृतिक खेती : चंद्र

## कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में खोली जाएगी उत्पाद के प्रमाणीकरण की जांच के लिए लैब

## सरकार ने समर्थन मूल्य देकर प्राकृतिक खेती को दिया बढ़ावा, हम प्राकृतिक खेती की बात तो करते हैं, लेकिन पशुधन की नहीं

शिमला, 25 अगस्त (भूपिन्द्र): कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि सरकार राज्य में एक पंचायत में एक कलस्टर में प्राकृतिक खेती की जाएगी। साथ ही उत्पाद की प्रमाणिकता के लिए किसानों का पंजीकरण किया जाएगा। इसके अलावा प्राकृतिक खेती की टैस्टिंग लैब कृषि विश्वविद्यालय में एक और लैब खोलेगी। यह बात उन्होंने सोमवार को विधानसभा में प्राकृतिक खेती को लेकर विधायक जीत राम कटवाल द्वारा नियम 130 के तहत प्राकृतिक खेती को लेकर लाए प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कही। उन्होंने कहा कि हम प्राकृतिक खेती की बात तो करते हैं, लेकिन पशुधन की बात नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 3584 पंचायतें में 2 लाख 22 हजार किसान 38437 हैक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।

उन्होंने प्राकृतिक उत्पादन के मार्कीट लिंकेज की आवश्यकता पर बल दिया



तथा कहा कि सरकार इसके लिए प्रयास कर रही है। साथ ही प्राकृतिक खेती से तैयार उत्पाद की खपत आंगनबाड़ी, होटल, बालबाड़ी आदि में होगी। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्र में फर्टीलाइजर का उपयोग हो रहा है। फर्टीलाइजर के अधिक उपयोग से भूमि की उर्वरता की क्षमता कम हुई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल रसायनिक खादों के प्रयोग में पड़ोसी राज्यों से बहुत पीछे है।



### प्राकृतिक खेती को जीवनयापन का हिस्सा बनाना होगा

इससे पहले विधानसभा में नियम 130 के तहत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सुदृढ़ एवं कारगर नीति तैयार करने को लेकर लाए प्रस्ताव लाते हुए विधायक जीत राम कटवाल गांव से लोगों के पलायन पर चिंता जताई तथा कहा कि यदि 15 वर्ष तक खेत खाली रहेंगे तो उसकी गिरदावरी बंजर कदीम आएगी। ऐसे में सरकार को सोचना पड़ेगा कि वह इस जमीन को खेती के लिए किसे दें, क्योंकि इसके असल मालिक तो बाहर हैं। ऐसे में आगामी 10 से 15 वर्ष के बाद ऐसी स्थिति आएगी कि खेती के लिए लोगों को बाहरी राज्यों से लाने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब के कुछ किसान अपने उपयोग के लिए हिमाचल से अनाज ले जाते हैं। इसके पीछे उनका तर्क था कि वह अधिक रसायनिक खादों व स्प्रे का उपयोग करते हैं। यह हम लोगों के लिए आंखें खोलने वाला है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से खेती से जुड़े हैं। ऐसे में हमें इस पर गौर करना होगा।

### खाद के उपयोग से खेतों की गुणवत्ता हुई खराब : किशोरी

किशोरी लाल ने कहा कि पहले किसानों को जबरदस्ती रसायनिक खाद देते थे, जो आज मौत का कारण बन गई है। उन्होंने कहा कि लोगों ने खाद के बिना खेती छोड़ दी है, इस कारण लोगों को बीमारी लग रही है। उन्होंने किसानों को जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि खाद का उपयोग करके खेतों की गुणवत्ता खराब कर दी है। ऐसे में प्राकृतिक खाद से खेतों की गुणवत्ता बनाने में समय लगेगा। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के लिए पहल की है।

### ए.डी.ओ. नहीं करते किसानों को जागरूक : दलीप

दलीप ठाकुर ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि पहले किसानों को बताया जाता था कि उन्हें खेतों में कितनी खाद डालनी है, लेकिन आज कोई भी ए.डी.ओ. किसानों को जागरूक नहीं करते हैं। कई स्थानों पर ए.डी.ओ. व स्टाफ नहीं है। उन्होंने सरकार से गांव में जाकर किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उनके हलके में गौ सदनों में बहुत अच्छी प्राकृतिक खाद तैयार की जा रही है। इस तरह की व्यवस्था अन्य गौ सदनों में भी की जाए।

पंजाब केसरी

26 AUG 2025

47

## विधायक सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री के खिलाफ विधानसभा सचिवालय को सौंपा नोटिस

# प्रीविलेज नोटिस नियमों व तथ्यों की कसौटी पर परखेगा विधानसभा सचिवालय : पठानिया

शिमला, 25 अगस्त (कुलदीप): भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने विधानसभा सचिवालय को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के खिलाफ प्रीविलेज नोटिस दिया है। विधानसभा सचिवालय इसे नियमों व तथ्यों की कसौटी पर परखेगा। इस नोटिस में सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि विधानसभा सचिवालय मामले की गहनता से जांच कर रहा है।





उन्होंने कहा कि आरोप सही नहीं होंगे तो नियमों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विषय विधानसभा सचिवालय के विचाराधीन है। ऐसे में विधानसभा सचिवालय देख रहा है कि इसमें कौन से तथ्य हैं और किस आधार पर यह आरोप लगाए गए हैं। यदि जांच में यह नोटिस निराधार पाया जाता है तो नियमों के अनुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सी.पी.ए.) की आगामी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रैंस को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई है।

# प्रतिपूरक वनीकरण करने में विलम्ब, 766 मामलों में नहीं मिली पाई फोरैस्ट क्लीयरैंस

- **विधानसभा में रखी वन विभाग से संबंधित कैग रिपोर्ट में हुआ खुलासा**

शिमला, 25 अगस्त (कुलदीप): हिमाचल प्रदेश विधानसभा में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) में हिमाचल प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण से संबंधित रिपोर्ट में वनों को लगाने में विलम्ब की बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार 280 मामलों में 3,632 हैक्टेयर क्षेत्रफल में वनीकरण कार्य किया गया। इनमें से 200 मामलों में 2,866 हैक्टेयर क्षेत्र में प्रतिपूरक वनीकरण करने में 1 से 13 वर्ष का विलम्ब हुआ। इसी तरह विभिन्न वन संरक्षण अधिनियम के तहत जलविद्युत परियोजनाओं, सड़क, शिक्षण संस्थान, अस्पताल व ट्रांसमिशन लाइन के 1,018 मामले वन मंजूरी के प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 766 मामले अनुमोदन के लिए लंबित थे। इन 766 मामलों में से 17 फीसदी राज्य वन विभाग के विभिन्न स्तरों पर लंबित थे।

रिपोर्ट में वर्ष 2016-17 से वर्ष 2021-22 की अवधि के दौरान राष्ट्रीय प्राधिकरण की तरफ से अनुमोदिन निधियों के उपयोग में 169 करोड़ रुपए यानी 20 फीसदी की कमी आई। इसी तरह रिपोर्ट ने वर्ष 2019-20 व 2020-21 के दौरान अवक्रमित वन भूमि के विकास घटक के अंतर्गत नेचर/ईको पार्कों के विकास पर 6.51 करोड़ रुपए के अनुचित व्यय की बात कही है। वर्ष 2019-20 से वर्ष, 2020-21 की राज्य प्राधिकरण की वार्षिक वित्तीय विवरणियों को भी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

पंजाब केसरी

2 8 AUG 2025



# हिमाचल प्रदेश में पारिस्थितिक असंतुलन पर न्यायमित्र नियुक्त करने का फैसला

नई दिल्ली, 25 अगस्त (प.स.): उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश में पारिस्थितिक असंतुलन से जुड़े एक मामले में सोमवार को न्यायमित्र नियुक्त करने का फैसला किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ हिमाचल प्रदेश में पारिस्थितिक और पर्यावरणीय परिस्थितियों को लेकर स्वत: संज्ञान वाले मामले की सुनवाई कर रही थी।



न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की एक अन्य पीठ ने 28 जुलाई को कहा था कि अगर स्थिति नहीं बदली, तो पूरा राज्य विलुप्त हो सकता है। हिमाचल प्रदेश के महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ता ने पीठ को अवगत कराया कि राज्य सरकार द्वारा 23 अगस्त को एक रिपोर्ट दाखिल की गई है। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने हिमाचल प्रदेश में बिगड़ती स्थिति को देखते हुए जुलाई में कहा था कि जलवायु परिवर्तन का राज्य पर स्पष्ट और चिंताजनक प्रभाव पड़ रहा है। शीर्ष अदालत उस समय हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर विचार कर रही थी।

उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की जून 2025 की उस अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया था, जिसमें कुछ क्षेत्रों को हरित क्षेत्र घोषित किया गया था। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार करते हुए कहा था कि अधिसूचना जारी करने का स्पष्ट कारण एक विशेष क्षेत्र में निर्माण गतिविधियों पर अंकुश लगाना था।

## प्राकृतिक खेती के लिए बीज की सबसे अधिक समस्या : भवानी

भवानी सिंह पठानिया ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए बीज की सबसे अधिक समस्या है। ऐसे में सरकार प्रर्याप्त मात्रा में किसानों को बीज मुहैया करवाए। साथ ही आने वाले समय में एम.एस.पी. का दायरा बढ़ाया जाए। साथ ही हमे फ्रूट प्रोसैसिंग यूनिट लगाना होगा। उन्होंने प्राकृतिक खेती करने व मार्कीटिंग को लेकर कई सुझाव भी दिए।

## प्राकृतिक खेती का रिकार्ड फाइलों तक नहीं रखा जाए : डा. हंस राज

विधायक हंस राज ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती का रिकार्ड फाइलों तक नहीं रखा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती के विषय को अन्यथा न लें तथा इसे अंगीकार करे व इसको लेकर पॉलिसी लाए। उन्होंने कृषि व वानिकी विश्वविद्यालयों की लगातार निगरानी का सुझाव दिया तथा कहा कि इन विश्वविद्यालयों में किए जा रहे शोध को जमीनी स्तर पर लागू की जाए।

## रास्तों को नहीं किया जाए बंद : लखनपाल

विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि गांव में गरीब लोग खेती कर रहे हैं, धनाढ्य लोग अपने बच्चों को अपने खेत में नहीं जाने देते हैं। इसके अलावा खेती में सबसे बड़ी समस्या रास्तों की है। लोगों ने रास्ते बंद कर दिए हैं। लोग अपने खेतों से ट्रैक्टर को जाने नहीं देते हैं। इस कारण भूमि बंजर बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि गांव में चलित रास्तों को बंद नहीं करने को लेकर कानून बनाया जाए। इसके अलावा खेती में जंगली जानवरों की भी सबसे बड़ी समस्या है।

49

पंजाब केसरी 26 AUG 2025

# मुख्यमंत्री राहत और पुनर्वास पर नहीं दे रहे ध्यान : जयराम

ऊना, 25 अगस्त (सुरेन्द्र): पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरे प्रदेश में आपदा का दायरा बढ़ रहा है। प्रदेश भर में भारी बारिश से भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिस कारण जानमाल के नुक्सान के साथ ही प्रभावितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि सरकार आपदा को लेकर गंभीर नहीं है।

ऊना में पत्रकारों को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार हर बार आपदा को लेकर इधर-उधर की बातें कर रही है। मुख्यमंत्री आपदा के कारण गिना रहे हैं, लेकिन राहत और पुनर्वास के कार्यक्रम पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री आपदा से होने वाले नुक्सान को न्यूनतम करने की दिशा में काम करना सुनिश्चित करें।

नेता प्रतिपक्ष ने हिमाचल प्रदेश भाजपा संगठनात्मक कार्यशाला में शामिल होने के बाद मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने संगठन के संविधान के अनुसार काम करती है। नए सिरे से संगठनात्मक पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद ऐसी कार्यशाला का आयोजन किया जाता है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि अगले 2 दिन भी मौसम के खराब रहने का अनुमान है। उन्होंने प्रदेशवासियों से सतर्कता बरतने, अनावश्यक यात्राओं से बचने, नदी-नालों से दूर रहने और अपने परिवार का ध्यान रखने का आग्रह किया।

# राकेश कालिया ने उठाया पी.एच.सी. मरवाड़ी का मामला



विधायक राकेश कालिया ने प्रश्नकाल के दौरान गगरेट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरवाड़ी के भवन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि इस भवन को रेलवे लाइन के कारण गिरा दिया गया था। उन्होंने सरकार से पूछा कि कब तक इसके नए भवन का निर्माण कर दिया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री डा. धनीराम शांडिल ने प्रश्न के उत्तर में कहा कि स्वास्थ्य संस्थान के लिए नए भवन का निर्माण भूमि उपलब्ध होने पर किया जाएगा।

दिव्य हिमाचल 2025 50

# टाइम पास सरकार नहीं, फैसले लेने की ताकत होनी चाहिए

## सदन में बोले सीएम सुक्खू; हाथ बांधने से नहीं रुकेंगे, जारी रहेगा विकास

शकील कुरैशी — शिमला

- प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रस्ताव पर सीएम का जवाब
- राजीव गांधी प्राकृतिक खेती होगा योजना का नाम
- मुख्यमंत्री बोले, तीन साल का हिसाब देगी प्रदेश सरकार
- हम सत्ता सुख के लिए नहीं सिस्टम बदलने के लिए आए



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार में फैसले लेने की ताकत होनी चाहिए, न कि टाइम पास सरकार हो। उन्होंने कहा कि उनके हाथ बांधने की बहुत कोशिश की गई, लेकिन वह रुकेंगे नहीं, क्योंकि हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार फैसले लेती है, फिर चाहे कोई भी क्षेत्र हो। सरकार का हरेक मंत्री व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा है और सभी मंत्रियों के विभागों में व्यवस्था परिवर्तन हुआ है। सदन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए गए प्रस्ताव का जवाब आने के बाद हस्तक्षेप करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि प्राकृतिक खेती को चलाने के लिए एडिशनल डायरेक्टर स्तर का अधिकारी लगाया जाएगा, वहीं इस योजना का नाम राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना होगा। उन्होंने कहा कि अगले साल इस योजना का स्वरूप और ज्यादा बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पूर्व सरकार नहीं जो फैसले नहीं ले पाती थी। वर्तमान सरकार तीन साल का हिसाब भी देगी और यह भी बताएगी कि उसके लिए फैसलों से हिमाचल कैसे बदला है। सीएम ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं, जिसमें हिमाचल तीसरे स्थान पर पहुंच गया हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में एम्स स्तर की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिसके लिए बड़ा अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस पूरे सिस्टम को बदलने के लिए आए हैं, सत्ता सुख के लिए नहीं। हमारे हाथ जितने बांध दें, फिर भी कर्मचारियों को वित्तीय लाभ दे रहे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती का कंसेप्ट हिमाचल की तकदीर बदल देगा। उन्होंने बताया कि पूर्व राज्यपाल आचार्य देवव्रत का उन्हें फोन आया, जिन्होंने कहा कि जिस सोच व लगन के साथ आपने इस खेती को बढ़ावा दिया है, उससे हिमाचल पूरे देश को रास्ता दिखाएगा। उन्होंने सदन में ऐलान किया कि तीन हजार टैक्सियों को ई-टैक्सी में बदलने जा रहे हैं, जिसमें युवाओं को 40 फीसदी सबसिडी दी जाएगी। जल्दी ही ये टैक्सियां युवाओं को सौंपी जाएंगी। उन्होंने कहा कि 31 मार्च 2026 तक हिमाचल को ग्रीन राज्य के रूप में विकसित करेंगे। सीएम ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था हमारा तीसरा केंद्र बिंदु है। दो साल में सरकार ने कई प्रयास किए हैं, जिनके नतीजे आने शुरू हो चुके हैं। *(एचडीएम)*

## प्राकृतिक खेती के विकास पर काम कर रही हिमाचल सरकार

चीफ रिपोर्टर — शिमला



कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने कहा कि वर्तमान सरकार ने किसानों को खुशहाल बनाने की सोच के साथ काम किया है। खासकर मुख्यमंत्री ने इस दिशा में बेहतरीन फैसले लिए। आर्गेनिक खेती के गेहूं को 60 रुपए किलो का समर्थन मूल्य दिया है। केंद्र सरकार केवल 24 रुपए किलो समर्थन मूल्य देती है। 60 रुपए किसी भी दूसरे राज्य में नहीं है। उन्होंने कहा कि मिट्टी की उर्वरता शक्ति को बढ़ाने के लिए काम करना होगा। पंचायतों में कलस्टर बनाए गए हैं जिनके माध्यम से जैविक खेती करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक उत्पाद को सर्टिफाई करने पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

## चार साल बाद आई कैंपा फंड पर कैग रिपोर्ट

शिमला — हिमाचल विधानसभा में सोमवार को मुख्यमंत्री ने वन विभाग में प्रतिपूरक वनीकरण यानि कैंपा फंड के इस्तेमाल पर कैग की रिपोर्ट को रखा। कैग ने यह रिपोर्ट वर्ष 2016 से 2021 के बीच में बनाई है लेकिन चार साल के बाद 2025 में इसे सदन में रखा गया है। इसमें इस फंड के इस्तेमाल में बरती जा रही अनियमितताओं को उजागर किया गया है। रिपोर्ट को सदन में रखने में हो रही देरी पर कैग ने भी राज्य सरकार से मसला उठाया था।

दिव्य हिमाचल

51



शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को पुष्प गुच्छ भेंट करते मुख्य उपसचेतक केवल सिंह पठानिया

# मंडी-कांगड़ा समेत आधे से ज्यादा हिमाचल में आज भी शिक्षण संस्थान बंद



■ सीएम की अपील, जिला प्रशासन के निर्देशों की पालना करें लोग

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – शिमला**

भारी वर्षा की चेतावनी के मद्देनजर मंगलवार को बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, मंडी, ऊना, सोलन और कांगड़ा जिला के समस्त शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। इसके अलावा कुल्लू में कुल्लू उपमंडल, मनाली व बंजार में भी अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों से अपील की है कि भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए अपने जिला में प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें। उन्होंने जिला के उपायुक्त को भी निर्देश दिए हैं कि यदि स्थितियां ठीक न

मंडी-कांगड़ा समेत : पृष्ठ आठ पर

**मंडी-कांगड़ा समेत...**

हों, तो शिक्षण संस्थानों में बच्चों को न बुलाया जाए। मुख्यमंत्री ने लोगों से किसी भी आपातकालीन स्थिति से बचने के लिए नदियों और नालों के पास न जाने का आग्रह किया है। मौसम विभाग द्वारा राज्य में आगामी 24 घंटों के दौरान भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का लोगों को पालन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सभी जिला प्रशासन को भू-स्खलन, सड़क अवरोध और अचानक बाढ़ की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े और आवश्यक सेवाओं का सुचारू संचालन भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चंबा की मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति और शोक संतप्त परिवारजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। खराब मौसम के कारण मणिमहेश यात्रा को अस्थाई तौर पर स्थगित किया गया है। इसके अतिरिक्त पठानकोट और जम्मू-कश्मीर के डोडा के जिला उपायुक्तों से अनुरोध किया गया है कि मौसम की स्थिति सामान्य होने तक तीर्थयात्रियों को संबंधित जिलों में ही रोककर रखें।

दिव्य हिमाचल

52

# विधानसभा में पेखूवेला सोलर प्रोजेक्ट पर टकराव

## विपक्ष ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, सीएम ने ईडी से जांच करवाने की दी चुनौती

चीफ रिपोर्टर – शिमला

प्रदेश विधानसभा में सोमवार को एक बार फिर पेखूवेला सोलर परियोजना को लेकर टकराव हुआ। सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू और भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर इस मामले में आमने-सामने आ गए। सीएम ने भाजपा विधायक को चुनौती देते हुए कहा कि केंद्र में उनकी सरकार और ईडी उनके अधीन काम करती है, इसलिए वह कभी भी इस परियोजना की जांच करवा सकते हैं। इसमें किसी भी प्रकार से भ्रष्टाचार नहीं है। सदन में नियम 63 के तहत भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ने पेखूवेला परियोजना से हरित क्रांति का मामला उठाया था, मगर उन्होंने सोलर परियोजना को लेकर मामला उठा दिया। उनके द्वारा लगाए गए कई आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यदि भाजपा विधायक के पास सभी तथ्य हैं, तो वह ईडी के पास जाएं और जांच करवा लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सोलर परियोजना को 15 सितंबर से दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्व. विमल नेगी की मौत के मामले में पेखूवेला को भी जोड़ा गया है, जिस पर सीबीआई जांच कर रही है। यदि भाजपा विधायक के पास तथ्य हैं, तो वह सीबीआई के पास जाएं और शिकायत करें। जिस कंपनी को ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस का काम सौंपा गया था, उस पर पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने कार्रवाई की है। कंपनी की 22 करोड़ की परमानेंट बैंक गारंटी को जब्त किया गया है, वहीं 17.81 करोड़ रुपए की पेमेंट को रोक दिया गया है।

### बागा सराहन को छह करोड़ रुपए देने की घोषणा

बागा सराहन की किस्मत खुल गई है, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान बागा सराहन में स्कूल भवन और सड़कों को ठीक करने के लिए छह करोड़ रुपए राशि जारी करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री 'सरकार गांव के द्वार' के तहत आनी के बागा सराहन गए थे। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वहां की सड़कों की हालत भी देखी थी, सोमवार को विधानसभा में मुख्यमंत्री ने घोषणा की, की बागी पुल से निर्माण की सडक़ को ठीक करने के लिए दो करोड़ जारी किए गए हैं। इसके अलावा बागी पुल से बागा सराहन की सड़क को ठीक करने के लिए भी दो करोड रुपए जारी किए हैं। मानसून सत्र के दौरान आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने बागा सराहन क्षेत्र की सड़कों का मामला उठाया था।

# आनी क्षेत्र में करोड़ से हो रहा सड़कों का काम

## विधायक लोकेंद्र कुमार को लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने जानकारी, कई काम अभी अधूरे

**स्टाफ रिपोर्टर-शिमला**



आनी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के निर्माण और रखरखाव पर अब तक हजारों लाख रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। लेकिन कई योजनाएं अभी अधूरी हैं। यह जानकारी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को पूछे गए प्रश्न संख्या 3182 के उत्तर में विधानसभा में दी। यह प्रश्न आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार द्वारा पूछा गया था। विधायक ने क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़कों बालू, डीन, लहणी-जानो, कंडा-कतरनार, माइंडयार-कोट, इशवा (ग्राम पंचायत गमोला), थाचवी-लदेड वाया कुई तथा पूनम खड्डु से गाड़ा डीम की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्यों पर खर्च, वन विभाग की स्वीकृतियां और लंबित औपचारिकताओं के बारे में जानकारी चाही थी। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि बालू सडक (राज्य योजना) की लंबाई 12.845 किमी है और इसके लिए 1297 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। अब तक लगभग 362 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। डीम सड़क 6.210 किमी लंबाई पर 381.82 लाख रुपये की स्वीकृति और व्यय के साथ तैयार हो चुकी है। लढागी से जाओं सडक 5 किमी लंबाई पर 405.70 लाख रुपये की स्वीकृति के बाद लगभग पूरी हो चुकी है। कंडा से कतमोर सडक (नाबार्ड परियोजना) 7.6 किमी लंबाई पर 242.61 लाख रुपये की स्वीकृति के तहत बनाई जा रही है। माईधार से काट सडक जिसकी लंबाई 3.600 किलोमीटर है जिसमें 2.140 किलोमपीटर वन भूमि और 0.460 किलो मीटर निजी भूमि है। इस सडक के लिए 76 लाख दिए गए थे। निजी भूमि गिफ्ट हो गई है और एफफसीए भी क्लीयर हो गया है। जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। इशवा सडक (राज्य योजना) 1.085 किमी लंबाई पर 76 लाख रुपये की स्वीकृति के साथ प्रस्तावित है और भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। थाचवी से लढैर सडक 5.39 किमी लंबाई पर 1010.69 लाख रुपये की स्वीकृति के साथ बनाई जानी है।

### इराड़ा में बनेगा पुलिस स्टेशन भवन

शिमला। कुमारसैन के बराड़ा क्षेत्र में पुलिस स्टेशन भवन का निर्माण किया जाना है। इसके लिए भूमि चिन्हित कर दी गई है। ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने बुधवार को विधानसभा सत्र में लिखित सवाल किया था। उन्हें लिखित जवाब में जानकारी दी गई कि मौजूदा समय में कुमारसैन का पुलिस स्टेशन निजी भवन में किराये पर चल रहा है। बराड़ा में भूमि का चयन किया गया है।

दिव्य हिमाचल
26 Aug

# ढली से सैंज तक बनेगा फोरलेन

स्टाफ रिपोर्टर — शिमला

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस साल के एनुअल प्लान में भारत सरकार से शिमला के ढली से लेकर आनी के सैंज तक फोरलेन की अनुमति मिल गई है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सोमवार को विधानसभा के मानसून सत्र में प्रश्नकाल में आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार के सवाल का जबाव देते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके लिए पीएमसी के गठन का काम चल रहा है। इसी के साथ पालीडी जोत टनल को लेकर भी 1400 करोड़ की स्वीकृत हो गए हैं। हिमाचल सरकार कुल्लू वैली को सतलुज वैली से इस प्रोजेक्ट के माध्यम से जोड़ेगी। विधायक लोकेंद्र कुमार ने खेगसू सब्जी मंडी को शिमला के अरपू से जोड़ने के लिए पुल निर्माण का सवाल उठाया।




## आर्य जाति की दुरुस्ती के मामले सुलझेंगे

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि जिन लोगों की जाति 'आर्य' लिखी गई है और जिनके जाति दुरुस्ती के मामले लंबित हैं, उन मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए विशेष प्रावधान किए जाएंगे। विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान चुराह के विधायक हंसराज द्वारा चंबा जिला से संबंधित उठाए गए सवाल के जवाब में राजस्व मंत्री ने बताया कि वर्तमान में जाति दुरुस्ती के 247 मामले लंबे समय से पेंडिंग हैं, जिनमें विसंगतियां हैं। इस समस्या को देखते हुए सरकार ने सेटलमेंट अधिकारी को नौ माह और तहसीलदार को तीन माह की समयसीमा दी है।

## भरमौर-पांगी के स्कूलों में 426 पद खाली

भरमौर एवं पांगी की दुर्गम पंचायतों के स्कूलों में विभिन्न श्रेणियों के 426 पद रिक्त हैं। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विधानसभा में भरमौर के विधायक डा. जनक राज द्वारा पूछे गए सवाल के जबाव में इसकी जानकारी दी। विधायक डा. जनक राज ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भरमौर एवं पांगी की दुर्गम पंचायतों के स्कूलों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं, इसका सवाल लगाया था। जबाव में शिक्षा मंत्री ने कहा कि भरमौर एवं पांगी की दुर्गम पंचायतों के स्कूलों में विभिन्न श्रेणियों के 1338 पद हैं, जिनमें से 912 पद भरे हुए हैं और 426 पद खाली हैं।

## बस अड्डों में नहीं चल सकते अस्पताल

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि बस अड्डों में अस्पताल नहीं चलाए जा सकते। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सोमवार को विधानसभा के मानसून सत्र में प्रश्नकाल में विधायक संजय अवस्थी के सवाल का जबाव देते हुए बोल रहे थे। वधायक संजय अवस्थी ने आईएसबीटी शिमला के पार्किंग फ्लोर को व्यवसायिक उपयोग हेतु निजी संस्था को देने का सवाल उठाया था। जबाव में बताया कि बस अड्डा में पार्किंग फ्लोर को अस्पताल के उपयोग के लिए इस शर्त पर दिया गया है कि ठेकेदार नियामक प्राधिकरण से जरूरी अनुमतियां लेगा और सभी करों का भुगतान भी स्वयं करेगा।

## दो वर्षों में लगाए 35,240 पौधे

गत दो वर्षों में वन महोत्सव के दौरान 35,240 पौधे लगाए गए। जिनमें महिला मंडल, युवक मंडल द्वारा 1,050 पौधे, स्कूल, आईटीआई द्वारा 2,070 पौधे तथा विभाग द्वारा 32,120 पौधे, लगाए गए हैं। सोमवार को विधानसभा के प्रश्नकाल में जसवां-प्रागपुर के विधायक बिक्रम सिंह द्वारा पूछे गए सवाल के जबाव में मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी दी। वन महोत्सवों के आयोजन पर 17,87,720 रुपये की धनराशि व्यय की गई तथा पौधरोपण पर 14,92,050 रुपये की धनराशि व्यय की गई है। इसके अलावा इन पौधों की जीवित दर 60 से 100 प्रतिशत है।

## ऊहल पेयजल योजना त्रासदी से प्रभावित

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि मंडी शहर की जीवनरेखा कही जाने वाली ऊहल नदी पर आधारित पेयजल योजना 2023 और 2024 की प्राकृतिक त्रासदियों से बुरी तरह प्रभावित हुई है। उपमुख्यमंत्री विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान मंडी सदर से विधायक अनिल शर्मा के सवाल के जवाब देते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 82.18 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह योजना वर्ष 2014 में मंजूर हुई थी और 2018 में बनकर तैयार हुई थी। इस स्कीम से मंडी शहर को बेहतर जलापूर्ति सुनिश्चित करने की योजना थी।

## मुख्यमंत्री का ऐलान, प्रसाद योजना में शामिल होगी मणिमहेश यात्रा

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रसाद योजना में हिमाचल की मणिमहेश यात्रा को भी शामिल करवाया जाएगा, जिसके लिए जल्दी ही प्रदेश सरकार की तरफ से प्रस्ताव भेजेंगे। सदन में विधायक डा. जनक राज ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत यह मामला उठाया था। सीएम ने कहा कि पर्यटन विभाग को इस तरह का प्रस्ताव मिला है और वह इस पर काम कर रहा है। इस प्रोजेक्ट का मूल्यांकन किया जा रहा है, जिसके बाद प्रस्ताव केंद्र को भेजेंगे। सीएम ने कहा कि मणिमहेश यात्रा बेहद महत्त्वपूर्ण है। यह सही तरह से हो, इसके लिए सरकार लगातार प्रयास करती है। सीएम ने कहा कि बरसात के दिनों में यह यात्रा चलती है। फिर भी सरकार इस यात्रा को सुचारू बनाने के लिए पूरे प्रयास करती है। इससे पूर्व विधायक डा. जनक राज ने कहा कि यह पवित्र यात्रा है और इसकी काफी ज्यादा मान्यता है। इस योजना को सरकार प्रसाद योजना में शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे।




## अदालत के निर्णय के बाद होगा फैसला

जाबली स्थित हिम प्रोसेस की फैक्टरी बंद और बेकार पड़ी है। यह फैक्टरी हिम प्रोसेस (हिमाचल फल उत्पादक सहकारी विपणन एवं प्रसंस्करण समिति लिमिटेड, शिमला) की संपत्ति है, जिसे वर्ष 2011 में पांच वर्षों की अवधि के लिए एचपीएमसी को पट्टे पर दिया गया था। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी द्वारा प्रश्नकाल में एचपीएमसी के बारे में पूछे गए सवाल के जबाव में राजस्व मंत्री ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, इस संपत्ति से संबंधित मामला प्रदेश उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। कोई भी निर्णय कोर्ट के निर्णय के बाद ही लिया जाएगा।

दिव्य हिमाचल 26 AUG 2025

55

# प्राकृतिक खेती को न्यूनतम मूल्य देने से बढ़ेगी किसानों की आमदनी




**विधानसभा में सोमवार को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए लाए प्रस्ताव पर चर्चा हुई। विधायकों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अपने सुझाव दिए और कहा कि सरकार को और कदम उठाने चाहिए। सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती के उत्पादों पर न्यूनतम मूल्य देने पर भी सरकार की सराहना की...**

**भाजपा विधायक जीतराम कटवाल** ने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ऐसा समय आ जाएगा, जब हमें खेती के लिए भी बाहर से आदमियों को लाना पड़ेगा। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। श्री कटवाल ने कहा कि प्रदेश में नौ लाख 61 हजार किसान हैं, जिसमें से दो लाख 28 हजार किसान प्राकृतिक खेती करते हैं। सरकार को इसे बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए।

**कांग्रेस विधायक भवानी सिंह पठानिया** ने कहा कि फसलों को बचाने के लिए जिन खरपतवार नाशक दवाइयों का प्रयोग किया जाता है, जो बहुत हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि स्प्रे के बाद यह कैमिकल बारिश के जरिये हमारे ग्राउंड वाटर में आ जाता है जिसका प्रयोग इंसान करते हैं, जिससे कैंसर, किडनी, लीवर, दिल की बीमारियों के मरीज बढ़ रहे हैं। हम प्राकृतिक खेती और पारंपरिक खेती कर इन बीमारियों से बच सकते हैं। प्राकृतिक खेती के विस्तार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो सकता है।

**भाजपा विधायक डा. हंसराज** ने कहा कि राज्य में कैंसर के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। प्रदेश में 47 हजार मरीज कैंसर के हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जब भी इस तरह के विषय पर सदन में प्रस्ताव आता है तो उसे अन्यथा ही लिया जाता है। विधायक हंसराज ने कहा कि जो पंजाब आज पूरे देश को फीड कर रहा है तो वहां पर फसल की बढ़ौतरी के लिए कैमिकलों का प्रयोग किया जा रहा है। इससे कैंसर के मरीज बढ़ते जा रहे हैं। इस पर सरकार को सोचना होगा।

**कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा** ने कहा कि कैंसर के मरीज ऊना में तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उना में आलू की फसल की पैदावार को बढ़ाने के लिए लोग भारी मात्रा में कैमिकल का प्रयोग कर रहे हैं। फसल की पैदावार ज्यादा करने के चक्कर में लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसे में अब समय आ गया है कि हमें प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना होगा।

**भाजपा विधायक इंद्र दत्त लखनपाल** ने कहा कि पहले प्रदेश में प्राकृतिक खेती ही हुआ करती थी, लेकिन धीरे धीरे यह चलन बंद हो गया और फर्टिलाइजर आदि खेती में इस्तेमाल होने लगे। उन्होंने कहा कि फर्टिलाइजर को खत्म नहीं किया जा सकता। कहने के लिए तो प्राकृतिक खेती ठीक है, मगर धरातल पर यह पूरी तरह से संभव नहीं। किसानों को सावधानियों व छिड़काव के बारे में बताने वाला कोई नहीं है। ऐसी कई तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं।

**कांग्रेस विधायक किशोरी लाल** ने कहा कि सरकारों ने ही किसानों को नई खाद के साथ जोड़ा, जो आज मानव जीवन के लिए खतरनाक हो गई है। उन्होंने कहा कि आज किसानों को जागरूक करने की जरूरत है। लोग फर्टिलाइजर का इस्तेमाल न करके गोबर की खाद का इस्तेमाल करें। सरकार ने प्राकृतिक खेती का सिलसिला शुरू किया है और ऐसे तैयार उत्पादों को सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है, जोकि सराहनीय कदम है। इससे किसानों का रुझान इस खेती की ओर बढ़ेगा क्योंकि उसे उत्पाद का अच्छा मूल्य मिलेगा।

**कांग्रेस विधायक विनोद सुल्तानपुरी** ने कहा कि प्राकृतिक खेती के उत्पादों को प्रदेश सरकार मार्केट भी प्रदान कर रही है,जिसके अच्छे नतीजे सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि आज ऑर्गेनिक फसल को लोग भी पसंद करते हैं। उन्होंने सरकार से फसल को सड़कों से कनेक्ट करने पर जोर देने की बात कही, ताकि आसानी से मार्केट तक फसल पहुंच सके। एपीएमसी को पहले सड़कों में सुधार के लिए भी पैसा दिया जाता था, जिस पर विचार करना जरूरी है।

**विधायक इंद्र सिंह गांधी** ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों को समझाया जाए कि उनको किसानों के साथ क्या बात करनी है। उन्हें खुद ही पता नहीं कि व क्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं के साथ जंगली जानवरों की समस्या से किसानों को निजात दिलाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इसके साथ ही जैविक खेती की ओर लोगों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर** ने कहा कि पहले किसानों को जागरूक किया जाता था। वैज्ञानिक गांव में जाकर बताते थे, लेकिन आज कोई जानकारी नहीं देता। विभाग की ओर से एडीओ किसानों को जागरूक नहीं करते। कई जगहों पर तो स्टाफ ही नहीं है। गांव में जाकर लोगों को प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूक करना जरूरी है, तभी पैदावार में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि बेसहारा पशुओं पर नियंत्रण करने के लिए विशेष काम होना चाहिए।

**कांग्रेस विधायक केवल सिंह पठानिया** ने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्राकृतिक खेती के लिए न्यूनतम मूल्य देकर किसान की मदद की है। इससे काफी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं। ऑफ सीजन वेजिटेबल का भी बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। पहले कुछ विशेष फसलें ही होती थीं लेकिन बीमारियों को बुलावा भी हमने खुद दिया है। लोग चावल पसंद करते थे मगर अब कई तरह का चावल आ रहा है। पुराना बीज ही खत्म हो गया है जोकि चिंता की बात है। उन्होंने कहा कि गांव में पशुधन बढ़ाना बेहद जरूरी है।

**विधायक संजय अवस्थी** ने कहा कि किसानों की रसायनिक खादों व कीटनाशकों पर बहुत ज्यादा निर्भरता हो गई है। यह न केवल खेतों को नुकसान पहुंचा रही है बल्कि हमारे स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाल रही है। प्राकृतिक खेती ही एकमात्र विकल्प है, जिससे मानव जीवन को बचाया जा सकता है। प्राकृतिक उत्पादों पर न्यूनतम मूल्य देना सराहनीय कदम है। इससे सरकार की मंशाओं का पता चलता है कि किस तरह किसानों की आमदनी बढ़ाने पर काम किया जा रहा है।

C M Y

दिव्य हिमाचल 26 AUG 2025

# रोहडू के मेहेंदली में 20 करोड़ से बनेगा सब्जी मंडी भवन

## विधानसभा सत्र में विधायक मोहन लाल ब्राकटा ने सवाल पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने दिया जवाब, स्कूलों में 439 पद खाली

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला



रोहडू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मेहेंदली में उप-मंडी भवन के निर्माण कार्य की शुरुआत 30 सितंबर 2020 को की गई थी। इस परियोजना के लिए कुल 20 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह जानकारी कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने सोमवार को



पूछे गए प्रश्न संख्या 3151 के उत्तर में विधानसभा में दी। रोहडू विधानसभा के विधायक मोहन लाल ब्राकटा ने पूछा था कि मेहेंदली सब्जी मंडी भवन का निर्माण कार्य कब आरम्भ हुआ और इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है। जवाब में कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि मेहेंदली उप-मंडी भवन का कार्य वर्ष 2020 से जारी है और इसके लिए आवश्यक बजट प्रावधान पहले ही किया जा चुका है। उधर विधानसभा क्षेत्र रोहडू में सभी स्कूलों में करीब 439 पद खाली हैं। इन पदों को भरने को लेकर सोमवार को विधानसभा क्षेत्र रोहडू के विधायक मोहन लाल ब्राकटा ने सवाल उठाया था। उन्होंने शिक्षा मंत्री से पूछा कि रोहडू विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा विभाग में कितने पद खाली हैं। साथ ही उन्होंने यह भी पूछा था कि 31 जुलाई तक रोहडू में कितने स्कूलों में भवनों का काम पूरा हो गा है और कितने स्कूलों का काम चल रहा है। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मचोती के भवन का टेंडर कब किया गया था और इसका काम कब पूरा होगा। लिखित में जवाब दिया गया कि 31 जुलाई तक रोहडू विधानसभा क्षेत्र में एक राजकीय माध्यमिक पाठशाला शलावट का काम पूरा हो गया है और इसके अलावा 11 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के भवनों का काम किया जा रहा है। वहीं 6 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला का काम किया जाना है।

वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मचोती के भवन के लिए 19 जनवरी 2017 में टेंडर किया गया था। ठेकेदार को 21 मार्च 2017 को काम सौंपा गया था। यह ठेकेदार लोक निर्माण विभाग रोहडू की सूचना के अनुसार 31 दिसंबर 2025 तक काम पूरा कर लेगा। वहीं रोहडू में 439 पद खाली पड़े हैं। इसमें प्रधानाचार्य के 21, मुख्याध्यापक के 11, प्रवक्ता के 67, डीपीई के 1, प्रशिक्षित स्नातक के 75, सीएंडवी अध्यापक के 63, केंद्रीय मुख्य शिक्षक के 10, मुख्य शिक्षक के 13, कनिष्ठ बुनियादी शिक्षक के 69, अधीक्षक ग्रेड-2 आठ, वरिष्ठ सहायक के 22, जोओए आईटी के 28, प्रयोगशाला परिचर के 18, सेवादार के 5, कनिष्ठ कार्यालय सहायक के 14, पीटीएमटीडब्ल्यू के 14 पद खाली हैं। वहीं पूरे विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा विभाग के 1956 पद स्वीकृत हैं और 1517 पद भर दिए गए हैं। इन पदों को जल्द भरा जाना चाहिए।

## खेगसू सब्जी मंडी से अरपू के लिए नहीं बनेगा पुल

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला

आनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत खेगसू सब्जी मंडी को शिमला जिले के अरसू से राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोडने के लिए पुल निर्माण को लेकर फिलहाल कोई योजना सरकार के विचाराधीन नहीं है। यह जानकारी लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को पूछे गए प्रश्न संख्या 3154 के उत्तर में विधानसभा में दी। आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेन्द्र कुमार ने विधानसभा में पूछा था कि क्या खेगसू सब्जी मंडी को जोडने के लिए पुल निर्माण की कोई योजना है और यदि हां तो इससे कितने जिले लाभान्वित होंगे।

इस पर लोक निर्माण मंत्री ने स्पष्ट किया कि विभाग के पास इस विषय पर कोई प्रस्ताव या निर्देश विचाराधीन नहीं है। जब कोई योजना या प्रस्ताव विभाग को प्राप्त ही नहीं हुआ है तो अन्य प्रश्न भी उत्पन्न नहीं होते।

57

26 AUG 2025

# छोटे प्रश्न का बड़ा दायरा

**कभी** जब कोई विधायक विधानसभा में आईने बना देता है, तो प्रदेश अपनी असली सूरत में खुद को देख लेता है। एक बहुत छोटा सा प्रश्न भी बड़ा हो सकता है बशर्ते इसमें झांकने का सबब बड़ा हो। ऐसे ही एक छोटे से प्रश्न के दायरे को शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने बड़ा कर दिया है। विधायक ने सांस्कृतिक समारोहों में स्थानीय कलाकारों की भागीदारी को सुनिश्चित कराने के इरादे से अपने सवाल को वार्षिक मेलों के आय-व्यय के ऑडिट से जोड़ा है। हालांकि जवाब भी आ गया, मगर जहां थे, वहीं रहेंगे की स्थिति में सांस्कृतिक समारोहों की दौलत में हिमाचली कलाकार का वजूद टंगा रहेगा। होना तो यह चाहिए कि हिमाचली कलाओं के संरक्षण में कलाकार को 'रोजगार' का आश्वासन मिले। हिमाचल में अगर कोई व्यक्ति बीएड, इंजीनियरिंग या एमबीए के पाठ्यक्रम के बजाय प्रदेश के गीत-संगीत के जरिए स्वरोजगार हासिल करना चाहता है, तो हमारी नीति क्या है। जाहिर तौर पर प्रदेश भर में यूं तो हर गांव से कोई न कोई मेला या सांस्कृतिक-धार्मिक समारोह जुड़ा है, फिर भी दर्जनों बड़े समारोह या मेले खास महत्त्व रखते हैं। एक तरह से ये समारोह सांस्कृतिक निवेश हैं, जहां हिमाचली कलाकार को रोजगार मिल सकता है। जरूरत है स्पष्ट नीति और मेला एवं समारोह प्रबंधन की। विधानसभा को बताया गया कि सरकारी तौर पर सांस्कृतिक समारोह के लिए 4366090 रुपए आबंटित हुए, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हुआ कि किस मेले पर कुल कितना खर्च हुआ या पूरे प्रदेश के मशहूर व चर्चित मेलों के आयोजन के आय-व्यय का हिसाब क्या है। यह बताना असंभव भी नहीं है क्योंकि अब कमाई के स्रोत के रूप में प्लाटों की बिक्री और व्यापारिक मेलों की संगत में पलते उद्देश्यों में निखार आया है, लेकिन वित्तीय प्रबंधन की दृष्टि से हर समारोह अपने गीत गा रहा है और बिना किसी परिपाटी के सुर से सुर मिला रहा है। ये मेले कमोबेश प्रशासनिक और राजनीतिक मर्जी के गुलाम हो गए हैं, जहां नेताओं की पगड़ियों के हिसाब से रौनक घट या बढ़ रही है और इसी तरह सांस्कृतिक समारोहों का स्तर भी सियासी औलाद की तरह प्रश्रय पाने लगा है। यही वजह है कि सांस्कृतिक संध्याओं के नाम वजनी लिफाफे कुछ ऐसे कलाकारों पर न्योछावर होते हैं, जिनका संबंध हिमाचल से नहीं होता। पिछले साल एक मशहूर पंजाबी सिंगर की गलियों में हिमाचल के कई आयोजन चले तो श्रोता भी इन समारोहों की हैसियत का अनुमान लगाते आश्चर्य चकित होते रहे, लेकिन गरीब, बेसहारा और कमजोर फलक पर तो हिमाचली कलाकार को ही रहना पड़ा। ऐसे में मुख्य बिंदु विधायक के छोटे से प्रश्न से शुरू होकर सांस्कृतिक समारोहों का पूर्ण कायाकल्प चाहता है। ये तमाम मेले और समारोह आज अगर इसी व्यवस्था में कम से कम पचास करोड़ के आय-व्यय का हिसाब भी पैदा करते हों, तो इन्हें सौ करोड़ तक पहुंचाने की रूपरेखा इस दृष्टि से बनानी होगी ताकि ये हिमाचल के मनोरंजन उद्योग को बढ़ावा दें। मेलों के बीच सांस्कृतिक आयोजन तो एक विशिष्टता और प्रमाणिकता हो सकते हैं, लेकिन इनके साथ व्यापारिक व खेल गतिविधियां भी जुड़ती हैं। छिंजों के आयोजन में समाज का वित्तीय योगदान, प्रशासन की भूमिका और मनोरंजन की मांग पर कलाकारों का रोजगार पनप रहा है। इसी के साथ अब ट्रेड बाजारों की व्यापकता में केवल पारंपरिक नहीं बल्कि नए व्यवसाय को नागरिक क्षमता से भी जोड़ रहे हैं। मेलों के प्लाट अब करोड़ों की आय के स्रोत बन रहे हैं, तो पूरे प्रदेश की मेला ट्रैफिक, आय-व्यय और कलाकारों के रोजगार को जोड़ते हुए एक राज्य स्तरीय व्यवस्था करनी पड़ेगी। प्रदेश में मेला, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन विकास प्राधिकरण का गठन करके, सभी प्रकार के मेलों की रूप रेखा, पंजीयन, मानदंड, दर्जा व उनके आय-व्यय के स्रोत को स्थायी व्यवस्था के तहत लाना होगा। इस तरह कुछ नए मेलों का श्रीगणेश तथा समस्त हिमाचली कलाकारों की शिनाख्त तथा उनकी रैंकिंग के अनुरूप वार्षिक कांट्रेक्ट की पद्धति बनाई जा सकती है। प्रदेश में मेला ग्राऊंड, सामुदायिक मैदान तथा व्यावसायिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अधोसंरचना निर्माण के उद्देश्यों को भी विशेष मेला प्राधिकरण के गठन से पूरा किया जा सकता है।

58

26 AUG 2025

# बाल सेविकाओं को दिया जाएगा वेतन

## शून्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया ऐलान

**चीफ रिपोर्टर — शिमला**




प्रदेश विधानसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण मामले उठे। यहां कई विधायकों ने ऐसे मामले उठाए, जिन पर विधानसभा अध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। यहां विधायक जीतराम कटवाल ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग में बाल सेविकाओं व बाल सहायिकाओं को वेतन नहीं मिलने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों को पिछले अढ़ाई तीन साल से माननदेय नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि केंद्र सरकार से ग्रांट नहीं मिल रही। इस पर मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि उनके ध्यान में यह मामला नहीं था। इस पर पड़ताल की जाएगी और सुनिश्चित करेंगे कि इन कर्मचारियों को मानदेय या वेतन प्रदान किया जाए।

### मेंटल हैल्थ प्रोफेशनल लगाए सरकार



विधायक भवानी सिंह पठानिया ने सदन में मेंटल हैल्थ प्रोफेशनल लगाए जाने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि एक संकल्प के माध्यम से उन्होंने कहा था कि अस्पतालों में निचले स्तर पर ऐसे डाक्टर या दूसरे प्रोफेशनल लगाए जाने चाहिए, लेकिन इसे लेकर संबंधित विभाग ने आज तक कोई कदम नहीं उठाया।

### बहाल हो संपर्क मार्ग



पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी ने राजपुरा से खंदेला सड़क को बहाल करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि एक साल से लोग परेशान हैं, क्योंकि यह सड़क भारी बरसात की वजह से बह गई थी। विधानसभा अध्यक्ष ने लोक निर्माण मंत्री को इस पर कार्रवाई करने को कहा।

### बंद हो डंपिंग साइट



विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कंसा ग्राउंड के पास डंपिंग साइट होने का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस डंपिंग साइट को यहां से हटाकर कहीं दूसरी जगह स्थापित किया जाए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि डंपिंग साइट को बदलने के लिए प्रयास किया जाएगा।

### किसानों को जल्द भुगतान किया जाए



विधायक डा. जनक राज ने कहा कि 59155 क्विंटल गेहूं सरकार ने 1281 किसानों से खरीदा है लेकिन अभी भी 789 किसानों का भुगतान सरकार की तरफ से नहीं किया गया है। यह भुगतान जल्द से जल्द करवाया जाए। इसपर कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने कहा कि चरणबद्ध ढंग से पैसा दिया जा रहा है और जल्दी इसका आबंटन कर दिया जाएगा।

### आनी में खुले दफ्तर



आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि उनका विधानसभा क्षेत्र आरक्षित है और यहां पर 35 हजार की जनसंख्या अनुसूचित जाति वर्गों की है। यहां पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति का क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया था जिसे बंद कर दिया गया है। अब लोगों को कुल्लू जाना पड़ रहा है जोकि बहुत दूर पड़ता है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने कदम उठाने के निर्देश दिए।

### अफसरों को बुलाएं



शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने चंबी ग्राउंड में बिजली बोर्ड द्वारा लगाए जा रहे टावर को यहां से हटाने का आग्रह किया। वहीं नेशनल हाईवे के कारण हो रहे नुकसान का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि एनएच के कार्यों की वजह से यहां मार्ग अवरुद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनएच के अधिकारियों को सदन में जवाब देने के लिए बुलाया जाना चाहिए।

### बद्दी में बंद हो टोल टैक्स वसूली



दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा है कि जिन नेशनल हाइवे की हालत खराब हो, वहां पर टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा। बद्दी से नालागढ़ की सड़क के लिए भी बुरे हाल हैं। ऐसे में यहां भी कोर्ट का फैसला लागू हो और बद्दी में टोल टैक्स को बंद करें।

59

26 AUG 2025

# आपदा में गंभीर नहीं है प्रदेश सरकार

## जयराम बोले, अनर्गल बातों से प्रभावितों को नहीं मिलती राहत

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — ऊना



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरे प्रदेश में आपदा का दायरा बढ़ रहा है। प्रदेश भर में भारी बारिश भूस्खलन और बादल फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिस कारण जानमाल के नुकसान के साथ ही प्रभावितों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि सरकार आपदा को लेकर गंभीर ही नहीं है। सरकार आपदा को लेकर इधर-उधर की बातें कर रही है। ऊना में मीडिया से बात करते हुए जयराम ने कहा कि आपदा के कारण गिनाने के बजाय सरकार राहत और पुनर्वास कार्यक्रम पर ध्यान दें। इसके साथ ही आपदा से होने वाले नुकसान को न्यूनतम करने की दिशा में काम करना सुनिश्चित करे। जयराम ठाकुर ने कहा कि पिछले दो दिनों में सिरमौर, शिमला, कांगड़ा, धर्मशाला, कुल्लू, मंडी, चंबा, डलहौजी, रामपुर, किन्नौर, लाहुल में बारिश और बादल फटने की घटनाएं सामने आई हैं। इसकी वजह से कई जगह भूस्खलन हुआ है। ऐसे में प्रभावित लोगों को जल्दी से जल्दी राहत प्रदान करने की दिशा में सरकार और प्रशासन को गंभीरता से काम करें, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके।

### बारिश के चलते लोगों से सतर्क रहने की अपील की

जयराम ठाकुर ने कहा कि बीते दो दिनों से प्रदेश भर में लगातार बारिश हो रही है। जिसकी वजह से नदी नाले उफान पर हैं और जगह-जगह भूस्खलन से बहुत नुकसान हुआ है। अगले दो दिन भी मौसम के खराब रहने का अनुमान है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से सतर्कता बरतने, अनावश्यक यात्राओं से बचने, नदी-नालों से दूर रहने और अपने परिवार का ध्यान रखने का आग्रह किया है।

दैनिक जागरण 26 AUG 2025



# किसानों और बागबानों के हित में जरूरी हुआ तो करेंगे विधायक निधि में कटौती

## विधानसभा में बोले सीएम सुक्खू, सरकार में निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार में निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए, न कि केवल समय बर्बाद करने वाली। उन्होंने यह टिप्पणी कृषि मंत्री चंद्र कुमार द्वारा प्राकृतिक खेती से संबंधित नीति बनाने के प्रस्ताव पर दिए गए उत्तर के बाद की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें रोकने की कई कोशिशें की गईं, लेकिन वह अपने लक्ष्य से नहीं हटेंगे। उनका उद्देश्य 2027 तक हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और 2032 तक सबसे अमीर राज्य बनाना है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार हर क्षेत्र में निर्णय लेती है, जबकि पूर्व सरकार निर्णय लेने में असमर्थ थी। सभी मंत्रियों के विभागों में व्यवस्था परिवर्तन हो रहा है। यदि किसानों और बागबानों के हित में आवश्यकता पड़ी, तो विधायक निधि में कटौती करने का निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना का नया नाम 'राजीव गांधी प्राकृतिक खेती' रखा।

- प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना का नाम 'राजीव गांधी प्राकृतिक खेती' रखा गया
- तीन हजार टैक्सियों को ई टैक्सी में परिवर्तित किया जाएगा, 40 प्रतिशत अनुदान भी मिलेगा



शिमला स्थित विधानसभा के मानसून सत्र में उत्तर देते मुख्यमंत्री सुक्खू • सौ. डीपीआरओ

मुख्यमंत्री ने सदन में घोषणा की कि तीन हजार टैक्सियों को ई टैक्सी में परिवर्तित किया जाएगा, जिसमें युवाओं को 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। यह योजना ग्रामीण युवाओं को भी शामिल करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था तीसरा केंद्र बिंदु है, और किसानों को खुशहाल बनाना उनका मुख्य उद्देश्य है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग में अतिरिक्त निदेशक स्तर का अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो इस योजना की देखरेख करेगा।

### किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्राकृतिक खेती जरूरी

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल बीमारियों को दूर करती है, बल्कि किसानों के आत्मनिर्भर बनने के लिए भी आवश्यक है। इसके लिए तीन बार परीक्षण किया जाता है और उसके बाद प्रमाणित किया जाता है। उन्होंने कहा कि नौणी और पालमपुर में प्राकृतिक खेती की जांच के लिए प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि दवा उत्पादकों को हल्दी और अन्य प्राकृतिक उत्पादों के लिए बाजार तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे बेहतर दाम मिल सके।

# मुआवजे के लिए अन्य राज्यों का अध्ययन करेगी सरकार : सुक्खू

- विधायक अनुराधा राणा ने उठाया जंगली जानवरों से पेड़ पौधों के नुकसान का मामला
- कोविड में लेबर लौट गई, इसलिए हुई मेहंदली में उपमंडी भवन के निर्माण काम में देरी : चंद्र कुमार

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि जंगली जानवरों द्वारा पेड़-पौधों को होने वाले नुकसान के मुआवजे के लिए अन्य राज्यों का अध्ययन किया जाएगा। शिमला स्थित हिमाचल प्रदेश विधानसभा में सोमवार को प्रश्नकाल के दौरान विधायक अनुराधा राणा के प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जंगली जानवरों द्वारा मनुष्यों को होने वाले नुकसान, जैसे कि मृत्यु, गंभीर चोट और सामान्य चोट के लिए राहत राशि देने का प्रावधान है। इसके अलावा, जंगली जानवरों द्वारा घरेलू पशुओं के नुकसान, जैसे कि पशु की मृत्यु के लिए भी राहत राशि का प्रविधान है।

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि रोहड़ू विस क्षेत्र के मेहंदली में उपमंडी भवन का निर्माण कार्य 2020 में शुरू हुआ था। इस मंडी के निर्माण के लिए 20.00 करोड़ का बजट मंजूर किया गया है। विधायक मोहन लाल ब्राक्टा के प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि कोरोना के दौरान ठेकेदार की लेबर वापस चली गई थी, जिसके कारण निर्माण में देरी हुई। सरकार इस कार्य को जल्द पूरा करवाने के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी करेगी।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विधायक डा. जनक राज के प्रश्न के उत्तर में बताया कि भरमौर और पांगी की दुर्गम पंचायतों के स्कूलों में 426 विभिन्न श्रेणियों के पद रिक्त हैं। शिक्षण संस्थानों का कार्य सुचारु रूप से चलता रहे, इसके लिए रिक्त पद भरे जा रहे हैं।

# सीएम की अध्यक्षता में हिमाचल ब्राह्मण कल्याण बोर्ड गठित, अधिसूचना जारी

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल सरकार ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हिमाचल ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन किया है।

इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। हिमाचल ब्राह्मण कल्याण बोर्ड में विभागों के अतिरिक्त सचिव भैया सचिन को सरकारी सदस्य जबकि 126 को गैर सरकारी सदस्य बनाया गया है। उन्हें निर्धारित नियमों के अनुसार भत्ते प्रदान किए जाएंगे।

दैनिक जागरण 26 AUG 2025 61

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा, बाल सेविकाओं और सहायिकाओं को मिलेगा मानदेय

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमलाः प्रदेश विधानसभा में सोमवार को शून्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने विधायकों द्वारा उठाए गए मामलों पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रश्नकाल के बाद विधायक जीत राम कटवाल ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग में बाल सेविकाओं और सहायिकाओं को वेतन न मिलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि इन कर्मचारियों को मानदेय दिया जाता है, लेकिन पिछले अढ़ाई-तीन साल से यह नहीं मिल पा रहा है, क्योंकि केंद्र सरकार से ग्रांट नहीं मिल रही। इस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि यह मामला उनके ध्यान में नहीं था। उन्होंने आश्वासन दिया कि इसकी जांच की जाएगी और सुनिश्चित किया जाएगा कि इन कर्मचारियों को उनका मानदेय या वेतन प्रदान किया जाए।

**शून्यकाल**

- **गांधी ने डंपिंग साइट, केवल ने एनएच व राम कुमार ने टोल टैक्स का मामला उठाया**
- **विधानसभा अध्यक्ष ने विधायकों के उठाए मामलों पर त्वरित कार्रवाई का दिया आश्वासन**

विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कंसा ग्राउंड के पास डंपिंग साइट का गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यहां आस-पास के शैक्षणिक संस्थान हैं और हाल ही में डंपिंग साइट से अमोनिया गैस निकलीं, जिससे कई बच्चे अस्वस्थ हो गए। उन्होंने कहा कि इस तरह की गैस निकलने से वायु प्रदूषण हो रहा है और लोग परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि इस डंपिंग साइट को हटाकर कहीं और स्थापित किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले को संबंधित विभागों के साथ उठाया जाएगा और डंपिंग साइट को बदलने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने चंबी ग्राउंड में बिजली बोर्ड द्वारा लगाए जा रहे टावर को हटाने का आग्रह किया। उन्होंने नेशनल हाईवे के कारण हो रहे नुकसान का मुद्दा भी उठाया, जिसमें कहा गया कि एनएच के कार्यों के कारण मार्ग अवरुद्ध हो रहे हैं। उन्होंने एनएच के अधिकारियों को सदन में बुलाने की मांग की।

विधायक भवानी सिंह पठानिया ने मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल की नियुक्ति का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में निचले स्तर पर ऐसे डाक्टरों या प्रोफेशनल की आवश्यकता है, लेकिन संबंधित विभाग ने कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने सरकार से इस दिशा में कदम उठाने की अपील की।

दैनिक जागरण 26 AUG 2025 62

# प्रसाद योजना में शामिल होगी पवित्र मणिमहेश यात्रा : सुक्खू



राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि चंबा जिले की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा और उससे जुड़े पवित्र स्थलों को केंद्र सरकार की प्रसाद योजना में शामिल करने के प्रस्ताव का मूल्यांकन प्रदेश सरकार कर रही है। यह प्रक्रिया भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही मूल्यांकन पूरा होगा, प्रस्ताव केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने विधायक डा. जनक राज द्वारा नियम 62 के तहत उठाए गए मामले पर कहा कि पर्यटन विभाग को क्षेत्रीय कार्यालय चंबा से छह जून को प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रसाद योजना पूरी तरह से केंद्रीय वित्तीय सहायता प्राप्त योजना है, जिसमें सभी परियोजना घटकों के लिए 100 फीसदी केंद्रीय वित्त पोषण किया जाएगा। सुखविंदर ने यह भी बताया कि भारत सरकार के पर्यटन विभाग ने प्रसाद योजना के तहत माता चिंतपूर्णी मंदिर के विकास के लिए योजना शुरू की है, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात मार्च, 2024 को किया था। इस परियोजना के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने 31 मार्च को 56.26 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। वर्तमान में यह परियोजना एनआईटी चरण में है।

विधायक डा. जनक राज ने नियम 62 के तहत मणिमहेश यात्रा को प्रसाद योजना में शामिल करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि चंबा जिले में मणिमहेश यात्रा चल रही है, जिसमें श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं, लेकिन यात्रा मार्ग में सुविधाओं का अभाव है।

# प्राकृतिक संतुलन की याद दिलाती हैं आपदाएं : शुक्ल



मशोबरा ब्लाक के सिपुर में राज्य रेडक्रास सोसायटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व अन्य • सौ. राजभवन

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला: राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हाल के वर्षों में हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने की बात कही। उन्होंने बताया कि ये घटनाएं हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता की याद दिलाती हैं। वनों का अनियंत्रित कटान, जल संसाधनों का प्रदूषण और अनियोजित विकास के कारण पृथ्वी का संतुलन बिगड़ रहा है।

राज्यपाल ने सोमवार को शिमला जिले के मशोबरा ब्लाक के सिपुर में हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रास सोसायटी और वन विभाग की ओर से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने देवदार का पौधा रोपित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया।

# नाहन के 48 गांवों को मिलेगी सड़क सुविधा

## लोक निर्माण विभाग ने 20 सड़कों को दी स्वीकृति, विधायक सोलंकी के प्रश्न पर मंत्री ने दिया उत्तर

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : नाहन विधानसभा क्षेत्र के 48 गांव अब सड़क सुविधा से जुड़ेंगे। लोक निर्माण विभाग ने इस क्षेत्र में 20 सड़कों को स्वीकृति दी है, जिनमें से सात सड़कें वन क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं। विधायक अजय सोलंकी के प्रश्न के उत्तर में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि पांच सड़कों के लिए वन विभाग की मंजूरी मिल चुकी है, जबकि दो की स्वीकृति शेष है। विधायक ने आग्रह किया कि जिन सड़कों की एफसीए की मंजूरी मिल गई है, उनके लिए पैसा जल्द जमा किया जाए। मंत्री ने आश्वासन दिया कि एफसीए और एफआर मामलों को गति देने के लिए सरकार गंभीर है और जिला स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि विधायक अपनी निधि से भी योगदान कर सकते हैं, जिससे विकास में तेजी आएगी।

**गडकरी से उठाया पराला नेरी, छैला रोड़ का मामला :** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायक रीना कश्यप के प्रश्न का उत्तर देते हुए बताया कि पराला, नेरी छैला रोड़ को सीआरएफ में शामिल करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया गया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी। यह सड़क सेब सीजन में अत्यधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही सड़क की स्वीकृति मिलेगी, कार्य प्रारंभ किया जाएगा। विधायक ने बताया कि सनौरा-नेरीपुल-छैला मार्ग बड़े ट्रालों के कारण बाधित रहता है, जिससे स्थानीय लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पुल की क्षमता 9 टन है, जबकि भारी ट्रक गुजरते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेब सीजन और बरसात में भू-स्खलन के कारण मार्ग बाधित होता है, लेकिन पुलिस अधीक्षक सिरमौर और अन्य अधिकारियों द्वारा भारी वाहनों की आवाजाही पर निगरानी रखी जा रही है।

**सोलन, कसौली में करुणामूलक रोजगार के 29 केस लंबित :** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधायक विनोद सुल्तानपुरी के प्रश्न के उत्तर में बताया कि करुणामूलक आधार पर रोजगार से संबंधित कुल 29 मामले लंबित हैं।

इनमें से 10 मामले तहसील कसौली और 19 मामले तहसील सोलन में हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में इन मामलों के निस्तारण की प्रक्रिया जारी है, जिससे प्रभावित व्यक्तियों को शीघ्र रोजगार मिल सके।

**प्रश्नकाल**

### एचपीएमसी की फैक्ट्री बंद मामला कोर्ट में विचाराधीन

बागबानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने जानकारी दी कि जाबली स्थित एचपीएमसी की फैक्ट्री वर्तमान में बंद पड़ी है। यह कारखाना हिम प्रोसेस (हिमाचल फल उत्पादक सहकारी विपणन एवं प्रसंस्करण समिति लिमिटेड, शिमला) की संपत्ति है, जिसे 2011 में एचपीएमसी को पांच साल के लिए पट्टे पर सौंपा गया था। इस संपत्ति से संबंधित मामला वर्तमान में प्रदेश उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। मंत्री ने बताया कि फैक्ट्री के पुनर्गठन, पुनरुद्धार और बागवानी प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए कोई भी निर्णय उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद ही लिया जाएगा। इस बीच, हिम प्रोसेस और एचपीएमसी विवाद को सुलझाने के लिए एकमुश्त निपटान का प्रयास कर रहे हैं।

# टूटीकंडी बस अड्डे के पार्किंग फ्लोर में अस्पताल खोलने की जांच शुरू

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधायक संजय अवस्थी के प्रश्न के उत्तर में दी जानकारी, संचालन के लिए जरूरी अनुमति नहीं ली

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : राजधानी शिमला के टूटीकंडी बस अड्डे के पार्किंग स्थल को अस्पताल में बदलने की अनुमति दी गई है।

यह निर्णय पूर्व सरकार के समय बस अड्डा प्राधिकरण की 67वीं बैठक में लिया गया था। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधायक संजय अवस्थी के प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल के संचालन के लिए आवश्यक अनुमतियां नहीं ली गई हैं, जिसकी जांच की जा रही है। जांच के परिणामों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि संपत्ति कर, जो छह से सात करोड़ रुपये था, का भुगतान नहीं किया गया था, जिसके कारण बिजली और पानी की सेवाएं काट दी गई थीं। ठेकेदार ने इस मामले को हाईकोर्ट में उठाया था, जिसे अब बहाल किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्किंग फ्लोर को अस्पताल के उपयोग के लिए यह शर्त रखी गई है कि ठेकेदार नियामक प्राधिकरण से सभी आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करेगा और सभी करों का भुगतान स्वयं करेगा।

### संजय अवस्थी बोले- मैं सूचना से संतुष्ट नहीं

अनुपूरक सवाल पूछते हुए संजय अवस्थी ने कहा कि सरकार का लिखित उत्तर उन्हें संतोषजनक नहीं लगा। विपक्ष के हंगामे के बीच उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संजय अवस्थी हमारे उत्तर से संतुष्ट हैं, जबकि पूर्व सरकार के कार्यों पर असंतोष व्यक्त किया।

दैनिक जागरण 26 AUG 2025

63

# भाजपा ने सदन में किया था नेगी का बहिष्कार, हंसराज ने पूछ लिया सवाल

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : भाजपा विधायक दल ने निर्णय लिया था कि वह सदन में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का बहिष्कार करेंगे। पिछले सप्ताह भाजपा विधायकों ने आपदा पर चर्चा का जवाब भी नहीं सुना था। सोमवार को डा. हंसराज ने राजस्व विभाग से जुड़ा प्रश्न पूछा।

प्रश्न पूछते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इसमें हस्तक्षेप करें। इसका मतलब था कि वह मुख्यमंत्री से इसका जवाब चाह रहे थे। राजस्व मंत्री ने इसका उत्तर दिया। इसके बाद विधायक ने राजस्व मंत्री से अनुपूरक सवाल भी किया और कहा कि जाति दुरुस्ती की प्रक्रिया को सरल किया जाए और सेटलमेंट ऑफिसर के पास जा रही फाइलों को क्या डीसी या फिर एसडीएम के माध्यम से ठीक करवाया जाएगा।

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने

**बोले, सीएम सुक्खू करें हस्तक्षेप नेगी ने दिया विस्तार से उत्तर, अध्यक्ष बोले, सीएम का हस्तक्षेप चाह रहे थे, मंत्री से मिला जवाब**



बाएं से मंत्री जगत सिंह नेगी और विधायक डा. हंसराज • जागरण आर्काइव

कहा कि जाति दुरुस्ती के लिए चुराह विधानसभा में विशेष कोर्ट लगाया जाएगा। विधायक डा. हंसराज के प्रश्न के उत्तर में जगत सिंह नेगी ने बताया कि जाति दुरुस्ती के 247 मामले लंबित हैं, जो लंबे समय से हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि यह प्रक्रिया जटिल है। उन्होंने कहा कि अब सरकार ने समय सीमा तय की है। तहसीलदार को 3 महीने और कलेक्टर को 9 महीने के भीतर इन मामलों का निपटारा करना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार इन मामलों को जल्द सुलझाने का प्रयास करेगी और इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

डा. हंसराज ने कहा कि उनके विस क्षेत्र के लोगों को जाति दुरुस्ती के लिए धर्मशाला आना पड़ता है। वे पिछले दो सालों से दफ्तरों में चक्कर काट रहे हैं।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने विधायक डा. हंसराज को कहा कि आप मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप चाह रहे थे। राजस्व मंत्री ने इस सवाल का विस्तृत जवाब दिया है। प्रश्न महत्वपूर्ण है और विभाग से इसका विस्तृत उत्तर आया है।

# जिला परिषद कैडर के कर्मियों का पंचायतीराज में विलय नहीं होगा

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल प्रदेश में पंचायतीराज विभाग के अंतर्गत जिला परिषद कैडर के कर्मचारियों का विलय नहीं किया जाएगा। विधानसभा मानसून सत्र में सोमवार को नाचन से भाजपा विधायक विनोद कुमार द्वारा पूछे गए प्रश्न के लिखित उत्तर में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने स्पष्ट किया कि जिला परिषद कैडर के अधीन नियुक्त कर्मचारी संबंधित जिला परिषदों के कर्मचारी हैं, जो पंचायती राज संस्थाएं हैं।

सरकार इन कर्मचारियों को पंचायतीराज विभाग में विलय करने का कोई विचार नहीं रखती है। प्रदेश में जिला परिषद कैडर के तहत कुल 3746 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें सबसे अधिक 2581 पंचायत सचिव हैं। इसके अतिरिक्त, अधिशाषी अभियंता एक, सहायक अभियंता 26, खंड अभियंता 12, डिजाइन अभियंता पांच, कनिष्ठ अभियंता 168, तकनीकी सहायक 906, कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक 11, कनिष्ठ लेखपाल 12, डाटा एंट्री ऑपरेटर 12, और सेवादार कम चौकीदारों की संख्या 12 है।



विनोद कुमार, अनिरुद्ध सिंह • जागरण

## पंचायतें करेंगी पेयजल योजनाओं का रखरखाव

ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतें अब पेयजल योजनाओं का रखरखाव करेंगी। विधायक विनोद कुमार के प्रश्न के उत्तर में मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से छह अगस्त को जारी अधिसूचना के तहत ग्रामीण पेयजल योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव पंचायतों को सौंपा गया है।

# प्रदेश में 1855 दवाओं के सैंपल फेल, कार्रवाई जारी

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल प्रदेश में निर्मित दवाओं के 1855 सैंपल विफल हुए हैं। यह जानकारी विधायक केवल सिंह पठानिया के प्रश्न के लिखित उत्तर में स्वास्थ्य मंत्री ने सदन में दी। राज्य सरकार ने बताया कि जिन कंपनियों के दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। चेतावनियाँ जारी की गई हैं, कुछ का उत्पादन बंद किया गया है, और कुछ कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में 59 औषधि बिक्री केंद्र पंजीकृत हैं, जिनका निरीक्षण किया गया, और कोई अनियमितता नहीं पाई गई।

दैनिक जागरण

26 AUG 20..

64

## ढली से सैंज तक बनेगा फोरलेन, केंद्र ने दी मंजूरी : विक्रमादित्य

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : राजधानी शिमला के ढली से सैंज तक फोरलेन का निर्माण किया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान की है। राज्य लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीएमसी की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। विधायक लोकेंद्र कुमार के प्रश्न का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि कुल्लू पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण है। जलोड़ी जोत सुरंग के निर्माण के लिए केंद्र ने 1452 करोड़ की मंजूरी दी है। इसके बाद प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने लूहरी-औट एनएच पर पुराने पुल के अपग्रेड की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुल की स्थिति ट्रैफिक के कारण खराब है।



विक्रमादित्य सिंह • जागरण आर्काइव

## कैग रिपोर्ट : पेड़ लगाने में देरी, 766 मामलों में फारेस्ट क्लीयरेंस नहीं

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) में हिमाचल में प्रतिपूरक वनीकरण से संबंधित रिपोर्ट में पेड़ लगाने में विलंब की बात सामने आई है। 280 मामलों में 3,632 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वनीकरण किया गया। इनमें से 200 मामलों में 2,866 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रतिपूरक वनीकरण करने में एक से 13 वर्ष का विलंब हुआ।

विभिन्न वन संरक्षण अधिनियम के तहत जल विद्युत परियोजनाओं, सड़क, शिक्षण संस्थान, अस्पताल व ट्रांसमिशन लाइन के 1,018 मामले वन मंजूरी के प्रस्तुत किए गए। इनमें से 766 मामले अनुमोदन के लिए लंबित थे। इनमें से 17 प्रतिशत राज्य वन विभाग के विभिन्न स्तरों पर लंबित थे। रिपोर्ट में वर्ष 2016-17 से वर्ष 2021-22 की अवधि के दौरान राष्ट्रीय प्राधिकरण की तरफ से अनुमोदित निधियों के उपयोग में 169 करोड़ रुपये यानी 20 प्रतिशत की कमी आई। 2019-20 व 2020-21 के दौरान वन भूमि के विकास घटक के अंतर्गत नेचर/ईको पार्कों के विकास पर 6.51 करोड़ रुपये के अनुचित व्यय की बात कही है।

# एचआरटीसी पेंशनरों को 25 दिन बाद भी नहीं मिली पेंशन

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के पेंशनरों को अगस्त माह के 25 दिन बीतने के बाद भी पेंशन नहीं मिली है। 8500 पेंशनरों को पेंशन का इंतजार है। सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया था कि हर महीने 15 तारीख तक पेंशन जारी कर दी जाएगी। निगम प्रबंधन से बार-बार पेंशनरों को आश्वासन मिला रहा है कि जल्द ही खाते में पेंशन आएगी। निगम प्रबंधन का कहना है कि पेंशन के लिए बजट से संबंधित फाइल सरकार को भेजी गई है। पेंशन समय पर मिलने और अन्य वित्तीय लाभों की अदायगी को लेकर पेंशनरों ने एचआरटीसी पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति का गठन किया है। यह समिति प्रदेश भर में परिवार सहित आंदोलन शुरू करेगी। पेंशनर्स संयुक्त

### सरकार ने हर माह की 15 तारीख तक पेंशन देने का दिया था आश्वासन, संयुक्त संघर्ष समिति ने आंदोलन की बनाई रूपरेखा, दो सितंबर से शुरुआत

संघर्ष समिति के महासचिव राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि अब पेंशनर्स आंदोलन करने के लिए मजबूर हैं, क्योंकि अब पेंशनर्स सरकार से बार-बार मिलकर थक गए हैं। इसकी शुरुआत दो सितंबर से रोहड़ू में होगी। इसी तरह सोलन में आठ सितंबर, परवाणू में 13, नाहन में 14, रामपुर में चार सितंबर, कुनिहार व मंडी में 15 सितंबर, हमीरपुर व सरकाघाट में पांच सितंबर, सुंदरनगर में आठ सितंबर, बैजनाथ व कुल्लू में 20, ऊना में 11 सितंबर, पालमपुर में 16 सितंबर व चंबा में नौ सितंबर को आंदोलन होगा।

## एचआरटीसी कर्मचारियों के चिकित्सा बिलों का भुगतान शीघ्र

शिमला : एचआरटीसी में कर्मचारियों और पेंशनरों के लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान कर दिया जाएगा। कुछ दिनों में इसकी अदायगी की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यह आश्वासन एचआरटीसी चालक यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर को सोमवार सुबह एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक डा. निपुण जिंदल ने चर्चा के दौरान दिया। कर्मचारियों की लाखों रुपये की देनदारी लंबित है और लंबे समय से मांग की जा रही है। परिवहन निगम जल्द ही 150 करोड़ रुपये का ऋण लेगा, जिससे देनदारी चुकता होगी। अभी कर्मचारियों को नाइट ओवरटाइम की राशि भी दी जानी है। उसे लेकर भी आश्वासन दिया गया है।

दैनिक जागरण 26 AUG 2025

65

## झलकियां

### हमारे पास एकमात्र डाक्टर... नाराज नहीं कर सकते

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने डा. जनकराज द्वारा उठाए गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि विधानसभा में पक्ष और विपक्ष के पास केवल एक ही डाक्टर हैं। इसलिए, उन्हें नाराज नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समय उनकी चिकित्सा सेवाओं की आवश्यकता पड़ सकती है। भरमौर के कठिन भौगोलिक क्षेत्र में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर डा. जनकराज ने कुछ इस अंदाज में बात की कि रोहित ठाकुर ने हंसते हुए कहा, "आपको नाराज नहीं कर सकते।"

### 'अमरीका वालों को तो सुन लिया, अब जापान की बारी'

हाल ही में विधायकों की दो टीमें जापान और अमरीका से लौटकर आई हैं। इन देशों में शिक्षा के स्तर को देखकर विधायकों ने अपने अनुभव साझा किए। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने अमरीका में स्मार्ट क्लास रूम के माध्यम से शिक्षकों द्वारा विभिन्न स्थानों पर बच्चों को पढ़ाने का उल्लेख किया। इस पर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक राकेश कालिया ने कहा, "अमरीका वालों को तो सुन लिया, हमें जापान वालों की भी बात सुननी चाहिए।"

### हाथ जोड़े खड़े थे जनक

प्रश्नकाल शुरू होने से पहले डा. जनकराज हाथ जोड़े अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की ओर देख रहे थे, लेकिन अध्यक्ष महोदय का ध्यान कहीं और था। इस पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कुलदीप पठानिया जी को बताया कि जनकराज जी उन्हें देख रहे हैं। तब कुलदीप पठानिया ने जनकराज का अभिवादन स्वीकार किया।

### दूसरे सप्ताह के पहले दिन जयराम सहित कई भाजपा विधायक रहे अनुपस्थित

मानसून सत्र के दूसरे सप्ताह के पहले दिन सोमवारको भाजपा के कई विधायक सदन में अनुपस्थित रहे। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ-साथ अन्य भाजपा नेता ऊना में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हैं और मंगलवार को सदन में उपस्थित होंगे।

# रासायनिक खेती के दुष्परिणाम कैंसर मरीजों की संख्या में वृद्धि

- प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की सभी विधायकों ने की पैरवी
- विधायक जीतराम ने सदन में नीति बनाने का प्रस्ताव रखा

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमलाः हिमाचल प्रदेश में रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के चलते कैंसर के मरीजों की संख्या में चिंताजनक वृद्धि हुई है। आंकड़ों के अनुसार, देश में कैंसर के मामलों में हिमाचल का स्थान प्रतिशतता के आधार पर दूसरा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया है। उनका मानना है कि इससे न केवल लोगों का स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि किसानों की आय भी बढ़ेगी और भूमि की उपजाऊ क्षमता भी बनी रहेगी। नियम 130 के तहत विधायकों ने कृषि मित्र और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की मांग उठाई।

भाजपा विधायक जीतराम कटवाल ने प्राकृतिक खेती के लिए नीति बनाने का प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि प्रदेश में 5.47 लाख हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में अब तक 52 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन उत्पादन और बिक्री की स्थिति पर सवाल उठाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो बाहर से खेती करने वालों को लाना पड़ेगा।

कांग्रेस विधायक भवानी सिंह पठानिया ने पारंपरिक खेती के रासायनिक छिड़काव पर निर्भरता की आलोचना की और कहा कि यह स्थिति कैंसर के मामलों में वृद्धि का कारण बन रही है। उन्होंने यह भी बताया कि शहरों की ओर पलायन के कारण खेती का काम खत्म हो रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हिमाचल की प्राकृतिक खेती की सराहना की और कहा कि वर्तमान सरकार दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

भाजपा विधायक डा. हंसराज ने कैंसर के मरीजों की संख्या 39 हजार तक पहुंचने की जानकारी दी और सुझाव दिया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कुछ ब्लाकों में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाना चाहिए। चर्चा में भाजपा विधायक इंद्र दत्त लखनपाल, कांग्रेस विधायक किशोरी लाल, कांग्रेस विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने भाग लिया।

# लोक सेवा आयोग अध्यक्ष की अधिकतम पेंशन अब 48 हजार

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : प्रदेश सरकार ने राज्यपाल की अनुमति से हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (सदस्य) नियम, 1974 में संशोधन करते हुए अध्यक्ष और सदस्यों की पेंशन संबंधी प्रविधानों में बदलाव किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। पहले यह पेंशन पांच से 8,000 रुपये प्रतिमाह मिलती थी। यह संशोधन उन व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा जो नियुक्ति से पहले ही केंद्र या राज्य सरकार, स्थानीय निकाय, विश्वविद्यालय अथवा किसी मान्यता प्राप्त स्कूल/कालेज आदि की सेवा में रह चुके हैं। ऐसे मामलों में पूर्व की नियमावली के अनुसार पेंशन प्रविधान लागू रहेंगे। अध्यक्ष की सेवाकाल के कार्यकाल के आधार पर 8,000 सालाना जबकि सदस्य को 7500 रुपये साधना आधार से पेंशन लगेगी। अधिकतम सीमा अध्यक्ष के लिए 48,000 और सदस्य के लिए 45,000 प्रतिमाह तय की गई है। पेंशन पर हर साल छह प्रतिशत की वृद्धि भी लागू होगी।

दैनिक जागरण 26 AUG 2025

66

# विद्युत परियोजनाएं और फोरलेन ही नहीं आपदा के कारण

- सुप्रीम कोर्ट में रखा पक्ष, कहा- हिमाचल को विनाश से बचाने के लिए रोडमैप बनाएगी सरकार
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, ऐसे तो विश्व के नक्शे से गायब हो जाएगा हिमाचल प्रदेश
- विशेषज्ञ समूह का होगा गठन भूविज्ञानी, जलविज्ञानी समेत समाज के लोग होंगे शामिल

**जागरण संवाददाता, शिमला :** हिमाचल प्रदेश सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि वह पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए विस्तृत रोडमैप तैयार करेगी। मुख्य सचिव की ओर से दायर शपथपत्र में कहा गया है कि जलविद्युत परियोजनाएं या फोरलेन निर्माण, बहुमंजिला भवन निर्माण और पेड़ कटान ही आपदाओं का कारण नहीं है। मौसम में परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग को कारण बताते हुए स्वीकार किया है कि कमियां दूर करेंगे।

राज्य सरकार ने विशेषज्ञ समूह बनाने और उसकी सिफारिशें लेने के लिए छह माह का समय देने की प्रार्थना की है। अदालत अब इस विषय में न्यायमित्र भी नियुक्त करेगी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ के समक्ष हिमाचल सरकार ने कहा कि विशेषज्ञ समूह में भूविज्ञानी, जलविज्ञानी, जलवायु परिवर्तन विशेषज्ञ और सामाजिक प्रतिनिधि भी शामिल किए जाएंगे। यह समूह कमियों की पहचान करेगा और उचित समाधान बताएगा।

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की खंडपीठ ने पहली अगस्त को एक याचिका की सुनवाई करते हुए कहा था कि हिमाचल प्रदेश में पारिस्थितिक संतुलन गड़बड़ा चुका है और अनियंत्रित विकास के कारण आपदाएं आ रही हैं। ये प्राकृतिक नहीं हैं। ऐसे तो हिमाचल प्रदेश नक्शे से गायब हो जाएगा।

**सुप्रीम** कोर्ट ने प्रदेश की स्थिति पर गहरी चिंता तब जताई थी जब हिमाचल प्रदेश सरकार के विरुद्ध प्रिस्टीन होटल याचिका लेकर गया कि उसे होटल निर्माण की स्वीकृति नहीं मिल रही। जहां होटल निर्माण की मांग की जा रही थी, उस क्षेत्र को सरकार ने संरक्षित अधिसूचित किया था। अदालत ने याचिका रद करते हुए सरकार के कदम को प्रशंसनीय बताया किंतु यह भी कहा कि ऐसे कदम उठाने में प्रदेश विलंब कर चुका है। प्रकरण का स्वतः संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा था। अब इस मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

## कोर्ट के प्रमुख बिंदुओं पर सरकार का जवाब

**जलविद्युत प्रोजेक्ट :** जलविद्युत परियोजनाओं का निर्माण भौगोलिक, पारिस्थितिक, पर्यावरणीय प्रभाव के आकलन के बाद होता है। हाल ही में जलविद्युत परियोजनाओं से दूर क्षेत्रों में अचानक बाढ़ और बादल फटने की घटनाएं हुई हैं।



**फोरलेन निर्माण :** राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं विभागों के साथ उचित योजना, समन्वय और परामर्श के बाद शुरू की जाती हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग की एलाइनमेंट को राज्य प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन एवं पर्यावरण विभाग आदि से इनपुट और सुझाव लेने के बाद अंतिम रूप दिया जाता है।



**पौधारोपण :** वन विभाग के माध्यम से हरित क्षेत्रों और बेदखल किए गए अतिक्रमण क्षेत्रों पर भी पौधारोपण जारी है। राज्य सरकार ने पांच वर्ष (2025-2030) में 100 करोड़ रुपये की "राजीव गांधी वन संवर्धन योजना' अधिसूचित की है, इसका उद्देश्य बंजर और बंजर वन भूमि पर फलदार वृक्ष लगाकर हरित आवरण बढ़ाना है। शिमला शहर में 2024 में सरकार ने आठ नई हरित पट्टियों को अधिसूचित किया। इनकी संख्या अब 25 हो गई हैं।





## पैसा ही सब कुछ नहीं पर हिमाचल प्रदेश का पक्ष

- कुल भौगोलिक क्षेत्र का 68 प्रतिशत से अधिक वन भूमि वर्गीकरण में शामिल
- ऊंचाई, खड़ी ढलानों, ग्लेशियरों के बावजूद 28 प्रतिशत वन क्षेत्र बनाए रखा
- पांच राष्ट्रीय उद्यान, 26 वन्यजीव अभयारण्य और पांच संरक्षण रिजर्व। भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 15 प्रतिशत। राष्ट्रीय औसत पांच प्रतिशत।
- 25 से 32 प्रतिशत भूमि ही खेती या गैर-वन विकास के लिए उपलब्ध है। राष्ट्रीय औसत से यह काफी कम है।
- पड़ोसी राज्यों पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को जल विनियमन, कार्बन पृथक्करण और जैव विविधता संरक्षण जैसी सेवाओं का प्रमुख प्रदाता होने के नाते प्रदेश मुआवजे की मांग कर रहा है।

दैनिक जागरण
26 AUG 2025

67

# संपत्ति कर, कूड़ा शुल्क व किराये का आएगा वाट्सएप मैसेज

- मालिक के नाम से वीडियो मैसेज जमा न होने तक भेजेगा निगम
- किरायेदारों को आनलाइन किराया देने की मिलेगी सुविधा

जागरण संवाददाता, शिमला : नगर निगम शिमला की सीमा के तहत भवन मालिकों व किरायेदारों को अब संपत्ति कर, कूड़ा शुल्क व किराये के भुगतान का वाट्सएप पर मैसेज आएगा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से बने मैसेज में लिखा होगा कि आपके संपत्ति कर इतनी राशि बकाया है। इसे जमा करने की अवधि इतनी है, इस अवधि में यदि आप जमा कर देते हैं तो आपको 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके बाद छूट खत्म होने के बाद 30 दिन बीतने के बाद जुर्माने के साथ भुगतान करना होगा। इसी तरह से कूड़ा शुल्क के लिए भी मैसेज भेजे जाएंगे। नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान के सामने निजी कंपनी ने प्रस्तुति दी है। अब अधिकारी इस पर अंतिम निर्णय लेंगे। इसके लिए कंपनी के साथ सभी शर्तों को फाइनल किया जाएगा।

निगम के किरायेदारों को भी इसी तरह से कंपनी के माध्यम से मैसेज भेजा



जाएगा ताकि वह समय पर किराया जमा कर सकें। ताकि संपत्ति कर व कूड़ा शुल्क जमा करवाने के लिए किरायेदारों को निगम कार्यालय में न आना पड़े। मेयर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि एक निजी कंपनी ने अभी इसका प्रस्ताव दिया है जिसे निगम अधिकारियों के पास स्टडी के लिए भेजा है। इस पर अंतिम निर्णय अधिकारियों की सहमति के बाद लिया जाएगा। निगम की आय बढ़ाने व समय पर जानकारी देने के लिए निगम इस दिशा में काम कर रहा है।

# नगर निगम की नए सिरे से बनेंगी कमेटियां

- 29 अगस्त को मेयर सुरेंद्र चौहान की अध्यक्षता में होने वाली मासिक बैठक में लगेगी मुहर
- राजधानी के विकास कार्यों, पेयजल आपूर्ति व बिलों की समस्याओं पर भी चर्चा संभव

जागरण संवाददाता, शिमला : नगर निगम शिमला की सभी कमेटियों का नए सिरे से गठन किया जाएगा। 29 अगस्त को होने वाली नगर निगम की मासिक बैठक में इसका प्रस्ताव लाया जाना है। मेयर सुरेंद्र चौहान ने सभी पार्षदों से कमेटियों में शामिल होने के लिए विकल्प मांगा है।

नगर निगम में सबसे पहले पांच वर्ष के लिए कमेटियां बनाई जाती थीं और पार्षद को सदस्य बनाया जाता था। अब कमेटी एक वर्ष के लिए कमेटी का गठन किया जाता है। मेयर सुरेंद्र चौहान ने सभी पार्षदों को कमेटियों में काम करने के लिए मौका देने के लिए एक वर्ष के लिए कमेटी के गठन का निर्णय लिया है। पिछले वर्ष जिन कमेटियों का गठन किया गया था, अब उनका एक साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

## वित्त कमेटी में आरआर वर्मा, विशाखा, मीनू व ममता शामिल

नगर निगम शिमला की वित्त कमेटी के सदस्यों के रूप में पार्षद आरआर वर्मा, पार्षद विशाखा मोदी, मीनू चौहान व ममता चंदेल को शामिल किया जाएगा। इनके अलावा अन्य कमेटियों में भी सदस्यों को बदला जाना प्रस्तावित है। सोमवार को निगम की बैठक में इन नाम को फाइनल कर लिया है।

इसलिए नए सिरे से कमेटी का गठन किया जाना है। इसमें नगर निगम की वित्त कमेटी, टैक्स कमेटी से लेकर लगभग आठ से दस कमेटियों का गठन होना है। शिमला शहर में कल्याण, टैक्स से लेकर कर्मचारियों को फैसला लेने के लिए अलग-अलग कमेटियों का निर्माण किया जाता है। इन कमेटी में इस बार किन-किन पार्षदों को डाला जाएगा इसका खाका तैयार करना शुरू कर दिया है।

मासिक बैठक में विकास कार्यों पर भी मुहर लगनी है। मेयर की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में अन्य मसलों को चर्चा की जाएगी। पेयजल समस्या व बिलों के मामलों को भी पार्षद उठा सकते हैं।

दैनिक जागरण

68

AUG 2025

# निर्देशों का पालन

उत्तर भारत की प्रसिद्ध धार्मिक मणिमहेश यात्रा में प्रतिकूल मौसम भारी पड़ रहा है। जन्माष्टमी के दिन से शुरू हुई यात्रा के दौरान अब तक 11 लोगों की जान जा चुकी है। आक्सीजन की कमी से रविवार व सोमवार को पंजाब के तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई। यह पक्ष निराश करता है कि श्रद्धालुओं में सुरक्षा के प्रति कहीं न कहीं गंभीरता का अभाव है। प्रतिकूल मौसम के कारण प्रशासन ने यात्रा को स्थगित कर दिया है। उपायुक्त का कहना है कि इस निर्णय से श्रद्धालुओं में निराशा हो सकती है लेकिन उनकी सुरक्षा प्राथमिकता है। चंबा के साथ लगते प्रदेश व पड़ोसी राज्यों के जिलों के प्रशासन से भी आग्रह किया गया है कि श्रद्धालुओं को वहीं पर ही रोका जाए। जो श्रद्धालु जहां हैं, वहीं पर रुके रहें। स्थानीय प्रशासन को उनके लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। भारी वर्षा के कारण कई स्थानों पर यातायात बाधित है, कई स्थानों पर श्रद्धालु रुके हैं। भूस्खलन से सड़कों पर मलबा है, कई जगह सड़कें टूट गई हैं, इससे दुर्घटना की आशंका है। प्रशासन श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हर तरह से सतर्कता बरत रहा है। बचाव दल भी तैयार हैं लेकिन यह आवश्यक है कि श्रद्धालु किसी तरह का जोखिम न उठाएं। प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। यात्रा पर जाने से पहले शारीरिक क्षमता, दवाओं आदि की व्यवस्था कर लें। सुरक्षा के प्रति हर समय सतर्कता आवश्यक है।

**प्रतिकूल मौसम को देखते हुए मणिमहेश यात्रियों को जोखिम लेने से बचना चाहिए**

# मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाए सुधीर शर्मा

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : शिमला स्थित हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सोमवार को भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव पेश किया है। सुधीर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री विधानसभा में बार-बार झूठ बोलते हैं। विधानसभा अध्यक्ष को भेजे तीन पृष्ठों के प्रस्ताव की एक प्रति उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर भी साझा की है।

शर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2025-26 के बजट भाषण में 25 हजार युवाओं को रोजगार देने का दावा किया, जबकि पिछले वर्ष सदन में 34 हजार युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी। स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री ने 23 हजार युवाओं को रोजगार देने का भी उल्लेख किया। कर्मचारियों को तीन प्रतिशत डीए की किश्त जारी करने के मामले में भी गुमराह करने का आरोप लगाया। कहा कि सरकार ने आपदा प्रभावितों को 483 करोड़ रुपये मुआवजे के रूप में दिए जाने का गलत दावा किया। स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना का वादा किया था, लेकिन अब तक कोई संस्थान नहीं बना।

### विधानसभा सचिवालय कर रहा गंभीरता से जांच

मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस प्राप्त हुआ है। ये नोटिस विधानसभा सचिवालय के विचाराधीन है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। विधानसभा सचिवालय देख रहा है कि इस नोटिस में ऐसे कौन से तथ्य हैं और विधायक किस आधार पर यह आरोप लगा रहे हैं। यदि जांच में नोटिस निराधार पाया जाता है तो नियमों के अनुसार भाजपा विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

–कुलदीप सिंह पठानिया, अध्यक्ष विधानसभा।

दैनिक भास्कर 26 AUG 2025

69

मानसून सत्र

## प्रश्नकाल • विधायक रीना कश्यप के सवाल का मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने दिया जवाब-छैला-नेरीपुल-सनौरा सड़क को सीआरएफ में डाला

# फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए उपकरणों पर सब्सिडी देगी सरकार : सुक्खू

भास्कर न्यूज़ | शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार जंगली जानवरों से फसलों को बचाने के लिए उपयोगी उपकरणों पर सब्सिडी देने पर विचार करेगी। उन्होंने कहा इन उपकरणों में साउंड व लाइट सिस्टम भी शामिल होगा। वे सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक अनुराधा राणा के सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में जंगली जानवरों द्वारा इंसानों को हो रहे नुकसान में ही राहत राशि देने का प्रावधान है। इसमें किसी भी व्यक्ति की मौत, उसके गंभीर रूप से घायल होने या चोट लगने जैसी स्थिति शामिल है।

विधायक रीना कश्यप के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर छैला-नेरीपुल-सनौरा सड़क को सीआरएफ में डालने तथा एक वैकल्पिक मार्ग बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सेब सीजन के दौरान और बरसात में यह मार्ग जगह-जगह भूस्खलन के कारण बाधित रहता है। इस सड़क पर अधिक भार क्षमता वाले वाहनों की आवाजाही पर कड़ी नजर रखने के लिए एसपी सिरमौर और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। रीना कश्यप ने कहा सनौरा-नेरीपुल-छैला सड़क मार्ग बड़े ट्रालों (दस टायरों से ऊपर) की वजह से बाधित रहता है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा इस मार्ग पर बने पुलों की क्षमता 9 टन की है और इसे देखते हुए इस मार्ग पर बड़े वाहनों के आने पर रोक लगे। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा इस मार्ग को सीआरएफ में डाला है।

**भरमौर हलके में शिक्षकों के 70 फीसदी पद भरे :** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विधायक डॉ. जनकराज के सवाल के जवाब में कहा कि भरमौर विधानसभा में 426 पद खाली हैं,इसके लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही खाली पदों को भरेंगे।

**ढली से सैंज तक बनेगा फोरलेन**

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला के ढली से सैंज तक एनएच 5 पर फोर लेन बनाने को केंद्र सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी दी है और अब इसका पीएमसी का प्रोसेस शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा जलोड़ी जोत के नीचे से बनने वाली सुरंग के लिए 1400 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जल्द मंजूर होने की उम्मीद है। वे सोमवार को सदन में प्रश्नकाल के दौरान विधायक लोकेंद्र कुमार के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। विक्रमादित्य ने कहा लूहरी-औट एनएच पर लूहरी में लगा पुल काफी पुराना हो गया है और इसे अपग्रेड करने की जरूरत है। उन्होंने माना पुल की हालत अत्याधिक ट्रैफिक के कारण ठीक नहीं है। इसे देखते हुए कुल्लू जिले के खेगसू सब्जी मंडी के पास से शिमला जिले के अरपू को सतलुज नदी पर नए पुल के निर्माण की आवश्यकता है। इसे वार्षिक योजना में डाला जाएगा। इस बीच, मुख्यमंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए कहा उन्होंने आनी विधानसभा हलके के बागीपुल से बागा सराहन के लिए और बागीपुल से निरमंड सड़क के रखरखाव के लिए दो-दो करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। उधर, विधायक अजय सोलंकी के एक सवाल के जवाब में विक्रमादित्य सिंह ने कहा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एफसीए और एफआरए के मामलों के निपटान में और तेजी लाई जाएगी।

**चुराह में लगेगा विशेष कोर्ट**

उधर, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने विधायक डॉ. हंसराज के सवाल के जवाब में कहा कि जाति दुरुस्ती के लिए चुराह में विशेष कोर्ट लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वहां के जाति दुरुस्ती के 247 मामले लंबित हैं और यह लंबे समय से है। उन्होंने माना कि यह प्रक्रिया जटिल है। उन्होंने कहा कि सरकार इन मामलों को जल्द सुलझाने का प्रयास करेगी और इसके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

विधायक संजय अवस्थी के एक सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आईएसबीटी शिमला में अस्पताल खोलने के मामले में बस अड्डा प्राधिकरण जांच करवा रहा है। उन्होंने कहा बस अड्डे में पार्किंग फ्लोर को अस्पताल के उपयोग के लिए इस शर्त पर दिया गया था कि ठेकेदार नियामक प्राधिकरण से सभी जरूरी अनुमतियां प्राप्त करेगा और सभी करों का भुगतान भी स्वयं करेगा, लेकिन ठेकेदार ने ऐसा कुछ नहीं किया। इसके चलते इस अस्पताल की बिजली पानी काट दिया गया था, लेकिन बाद में हाईकोर्ट ने इसे बहाल कर दिया।



विधानसभा में विधायकों के सवालों के जवाब देते हुए मुख्यमंत्री।

### पाइप लाइन बदलने के लिए 25 करोड़ की जरूरत : अग्निहोत्री



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विधायक अनिल शर्मा के सवाल के जवाब में कहा मंडी शहर के लिए बनी पेयजल योजना 2023,24 और मौजूदा में आई प्राकृतिक आपदा के कारण अत्याधिक प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा इस परियोजना की मुख्य पाइप मथयानी गांव के कारण जमीन धंस जाने से क्षतिग्रस्त हो रही है। इसे देखते पाइप लाइन को बदलकर अधिक ऊंचाई से ले जाना जरूरी है। उन्होंने कहा स्थाई हल के लिए 20 से 25 करोड़ रुपए की आवश्यकता है। इसके लिए विशेष केंद्रीय अनुदान की जरूरत है।

### जीरो आवर : विधायकों ने अपने क्षेत्रों के मुद्दे उठाए

शून्यकाल के दौरान सदस्यों ने कई अहम मुद्दे उठाए। विधायक जीतराम कटवाल ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग में बाल सेविकाओं व बाल सहायिकाओं को वेतन नहीं मिलने का मामला उठाया। इस पर सीएम ने कहा उनके ध्यान में यह मामला नहीं था। इसकी पड़ताल की जाएगी। पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी ने राजपुरा से खंदेला सड़क को बहाल करने की मांग उठाई। विस अध्यक्ष ने लोक निर्माण मंत्री को कार्रवाई करने को कहा। आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा उनका क्षेत्र आरक्षित है, जहां अनुसूचित जाति एवं जनजाति का क्षेत्रीय कार्यालय बंद कर दिया गया है और अब लोगों को कुल्लू जाना पड़ रहा है, जिसे लेकर विधानसभा अध्यक्ष ने उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। विधायक इंद्र सिंह गांधी ने कहा कंसा ग्राउंड के पास डंपिंग साइट है, जिसके समीप कई शैक्षणिक संस्थान हैं। डंपिंग साइट से अमोनिया गैस निकलती है, बच्चे अस्वस्थ हो रहे हैं। इसलिए डंपिंग साइट को यहां से हटाकर कहीं दूसरी जगह स्थापित किया जाए। विस अध्यक्ष ने कहा डंपिंग साइट को बदलने के लिए प्रयास किया जाएगा। शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने चंबी ग्राउंड में बिजली बोर्ड द्वारा लगाए जा रहे टावर को हटाने का आग्रह किया। विधायक भवानी सिंह पठानिया ने मेंटल हेल्थ प्रोफेशनल को लेकर कहा अस्पतालों में निचले स्तर पर ऐसे डॉक्टर या दूसरे प्रोफेशनल लगाए जाने चाहिए। विधायक डॉ. जनकराज ने अभी भी 789 किसानों से खरीदे गए गेहूं का भुगतान नहीं किए जाने की बात कही, जिस पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा चरणबद्ध ढंग से पैसा दिया जा रहा है। दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा है कि जिन नेशनल हाईवे की हालत खराब हो और वहां गड्ढे पड़े हों या जाम लगा रहता है, वहां पर टोल टैक्स नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा बद्दी से नालागढ़ की सड़क के भी बुरे हाल हैं। यहां टोल टैक्स को सरकार बंद करे।

दैनिक भास्कर 26 AUG 2025 70

**विधानसभा** • पेखूवेला सोलर प्रोजेक्ट मुद्दे पर गरमाया सदन

# विधायक को पेखूबेला का फोबिया, केंद्र में उनकी सरकार ईडी से जांच करवा लें: सीएम

**शिमला** | विधानसभा में सोमवार को एक बार फिर पेखूवेला पावर प्रोजेक्ट मामले में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर आमने-सामने हुए। सीएम ने भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर से कहा कि केंद्र में उनकी सरकार है। वह जब चाहे ईडी से इसकी जांच करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने उस कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की है जो इसके ऑपरेशन और मेंटेनेंस के काम को छोड़कर चली गई है। कंपनी ने तय नियमों पर काम नहीं किया। समझौते की शर्तों को तोड़ा है जिसके चलते उस पर कार्रवाई की गई है। ▪ शेष पेज 7 पर



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु विधानसभा में अपनी बात रखते हुए।

## कंपनी की 17.81 करोड़ रु. की पेमेंट रोकी: मुख्यमंत्री

सीएम ने बताया कि कंपनी की 22 करोड़ की परमानेंट बैंक गारंटी को जब्त किया गया है वहीं 17.81 करोड रूपए की पेमेंट को रोक दिया गया है। यह कहना कि 99 फीसदी राशि जारी कर दी है वह सरासर गलत है। कंपनी को अदा किए जाने वाले सभी बिलों की अदायगी को रोक दिया गया है। सीएम ने यह भी बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण इस प्रोजेक्ट को बंद किया गया है और भारत सरकार की एजैंसी ने इसकी डीपीआर बनाई थी।

**विधायक को पेखूबेला का...** सदन में नियम 63 के तहत भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ने पेखूवेला परियोजना से हरित क्रांति का मामला उठाया था। मगर उन्होंने सोलर प्रोजेक्ट पर अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को दोगुना करने के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सोलर परियोजना को 15 सितंबर से दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि स्वर्गीय विमल नेगी की मौत के मामले में पेखूवेला को भी जोड़ा गया है जिसपर सीबीआई जांच कर रही है, सच सब के सामने आएगा। यदि भाजपा विधायक के पास तथ्य हैं तो वह सीबीआई के पास जाएं और शिकायत करें। **विक्रम ठाकुर बोले- प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार हुआ:** पेखूवेला प्रोजेक्ट को लेकर भाजपा के विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि इस प्रोजेक्ट को लगाने में भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि सतलुज जल विद्युत निगम ने सरकार को इसकी एवज में 2.57 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से 200 मैगावाट बिजली देने का प्रस्ताव दिया था लेकिन उसे नहीं माना गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए सरकार ने कदम उठाया है जोकि गलत है क्योंकि इसकी डीपीआर ही ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को 356 मीटर उंचाई पर बनाया जाना चाहिए था जोकि नहीं किया गया। यहां पर उत्पादन बंद हो चुका है। केवल डेमेज हो चुकी हैं। अगर इस प्रोजेक्ट को अब ठीक करना होगा तो इसपर 50 करोड़ खर्च होंगे। इस प्रोजेक्ट से हरित क्रांति लाने की बात कही जा रही है मगर वो कैसे होगा जबकि उत्पादन ही नहीं हो रहा है।

## प्रसाद योजना में शामिल होगी पवित्र मणिमहेश यात्रा : सुक्खू

**शिमला** | मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि चंबा जिले की प्रसिद्ध मणिमहेश यात्रा और संबंधित पवित्र स्थलों को केंद्र सरकार की प्रसाद योजना में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। सरकार इसका मूल्यांकन कर रही है। यह मूल्यांकन भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा मूल्यांकन पूरे होते ही केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विधायक डॉ. जनक राज की ओर से नियम 62 के तहत मुद्दा उठाए जाने पर कहा कि इस संबंध में पर्यटन विभाग को क्षेत्रीय कार्यालय चंबा से 6 जून को प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

# कड़े फैसले लेने की सरकार में क्षमता होनी चाहिए : सीएम

### कहा-अब आने वाले दिनों में कृषि क्षेत्र में करेंगे बदलाव

भास्कर न्यूज | शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कड़े फैसले लेने की सरकार में क्षमता होनी चाहिए और हम टाइमपास सरकार नहीं है, बल्कि कड़े फैसले लेने में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कहा प्रदेश सरकार राज्य में प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने जा रही है और वर्ष 2027 तक हिमाचल प्राकृतिक खेती के मामले में देशभर में अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सदन में नियम 130 के तहत विधायक जेआर कटवाल द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सुदृढ़ एवं कारगर नीति तैयार करने को लेकर लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि यदि जरूरी हुआ तो सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विधायक निधि में कटौती से गुरेज नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में चल रही प्राकृतिक खेती योजना को राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना का नाम देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता शिक्षा है, जबकि दूसरी स्वास्थ्य और तीसरी कृषि है। इससे पूर्व, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य में 38437 हैक्टेयर जमीन पर प्राकृतिक खेती की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती के लिए पंजीकृत किसानों का सरकार निरीक्षण करने जा रही है। इसके अलावा सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े बाजारों से जोड़ने पर भी काम कर रही है। कृषि मंत्री ने कहा सरकार जल्द कृषि विवि पालमपुर में प्राकृतिक खेती उत्पादों की टेस्टिंग लैब स्थापित करने जा रही है।



# राज्यपाल ने सिपुर में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### स्कूली छात्रों और शिक्षकों ने लगाए 120 पौधे

सिटी रिपोर्टर | शिमला



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सोमवार को मशोबरा ब्लॉक के सिपुर में राज्य रेडक्रॉस सोसायटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पौधरोपण अभियान में भाग लिया। राज्यपाल ने देवदार का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और हरी-भरी वादियों के लिए जानी जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में राज्य को भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने जैसी आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। राज्यपाल ने कहा कि वनों की अंधाधुंध कटाई, जल प्रदूषण और अनियोजित विकास से प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। ऐसे में पौधरोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आवश्यक कदम है बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की गारंटी भी है। कहा कि ऐसे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगे आकर इस तरह की अभियान में भाग लेना चाहिए। न सिर्फ भाग लेना बल्कि पौधे को वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल भी सुनिश्चित करनी होगी। कहा कि तभी प्रदेश की हरियाली बरकरार रहेगी। इस अभियान में मशोबरा स्कूल के छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया और स्कूल प्रिंसिपल अनिता गुप्ता के मार्गदर्शन में 120 पौधे लगाए। कार्यक्रम से पूर्व राज्यपाल ने सिपुर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा, मुख्य फॉरेस्ट रेंजर के थिरुमल, एडीसी प्रियांशु,एएसपी रतन नेगी समेत जिला अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आपदा में गंभीर नहीं है सरकार : जयराम ठाकुर



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य में आपदा के बीच नुकसान की भरपाई हमेशा कठिन होती है, लेकिन प्रदेश सरकार ने नुकसान से बचने के लिए पहले से कोई प्रभावी कदम नहीं उठा पाई। सबसे अधिक तबाही उनके विधानसभा क्षेत्र में हुई और अन्य जिलों में भी नुकसान हुआ, लेकिन प्रदेश सरकार प्रभावितों को उचित मुआवजा तक देने में नाकाम रही है। जयराम ठाकुर सोमवार को भाजपा कार्यालय ऊना में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की हुई कार्यशाला बोल रहे थे। उन्होंने कहा पिछले दो दिनों में बारिश और बादल फटने की घटनाएं सामने आई है। कई जगह भूस्खलन हुआ है। ऐसे में प्रभावित लोगों को जल्दी मदद हो। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पंचायती राज एवं नगर निकाय चुनाव में कमर कसने का आह्वान किया। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने दावा किया 2027 के चुनाव में कार्यकर्ता 68 विस क्षेत्रों में हर बूथ पर पार्टी को मजबूत कर जीत तक ले जाएंगे। श्री नैना देवी के विधायक रणधीर शर्मा ने कहा बीजेपी समय समय पर रचनात्मक, राजनीतिक विषयों पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करती है। ऊना में हुई कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष और जिला महामंत्री, प्रदेश के पदाधिकारियों को संगठनात्मक व राजनीतिक दृष्टि से मार्गदर्शन किया गया है।

### विधानसभा में पेश की गई कैग रिपोर्ट में हुए खुलासे

## फारेस्ट क्लीयरेंस न मिलने से सड़क, अस्पताल समेत 766 मामले लंबित

**शिमला** | विधानसभा में सोमवार को पेश की गई कैग की रिपोर्ट में प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण से संबंधित रिपोर्ट में वनों को लगाने में देरी की बात सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार 280 मामलों में 3,632 हैक्टेयर क्षेत्रफल में वनीकरण कार्य किया गया। इनमें से 200 मामलों में 2,866 हैक्टेयर क्षेत्र में प्रतिपूरक वनीकरण करने में 1 से 13 वर्ष का देरी हुई है। इसी तरह विभिन्न वन संरक्षण अधिनियम के तहत जल विद्युत परियोजनाओं, सड़क, शिक्षण संस्थान, अस्पताल व ट्रांसमिशन लाइन के 1,018 मामले वन मंजूरी के प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 766 मामले अनुमोदन के लिए लंबित थे। इन 766 मामलों में से 17 फीसदी राज्य वन विभाग के विभिन्न स्तरों पर लंबित थे।

रिपोर्ट में वर्ष, 2016-17 से वर्ष, 2021-22 की अवधि के दौरान राष्ट्रीय प्राधिकरण की तरफ से अनुमोदित निधियों के उपयोग में 169 करोड़ रुपए यानी 20% की कमी आई। इसी तरह रिपोर्ट ने वर्ष, 2019-20 व 2020-21 के दौरान अवक्रमित वन भूमि के विकास घटक के अंतर्गत नेचर,इको पार्कों के विकास पर 6.51 करोड़ रुपए के अनुचित व्यय की बात कही है। वर्ष 2019-20 से वर्ष, 2020-21 की राज्य प्राधिकरण की वार्षिक वित्तीय विवरणियों को भी अंतिम रूप नहीं दिया गया।

## विस में विधायक सुधीर शर्मा ने सीएम के खिलाफ प्रिविलेज मोशन को पत्र लिखा

### पठानिया बोले- नोटिस को तथ्यों की कसौटी पर परखेगा सचिवालय

भास्कर न्यूज | शिमला

भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाने की मांग की है। सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने सदन में बार-बार गलत और भ्रामक तथ्य प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयान न केवल सदन के सदस्यों को बल्कि आम जनता को भी गुमराह करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी नीतियों और घोषणाओं पर दिए बयान असत्य व भ्रामक रहे। मुख्यमंत्री के ऐसे बयानों से सदन की गरिमा और विश्वसनीयता को ठेस पहुंची है। उन्होंने इस संबंध में दस्तावेज भी प्रस्तुत किए। सुधीर शर्मा ने विशेष रूप से रोजगार सृजन, पीईटी स्कैनर की उपलब्धता, आपदा राहत मुआवजा और सरकारी घोषणाओं के अमल न होने जैसे मुद्दों को उठाया है। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि विधानसभा सचिवालय इसे नियमों व तथ्यों की कसौटी पर परखेगा। नोटिस में सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री पर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया है। पठानिया ने कहा विधानसभा सचिवालय मामले की गहनता से जांच कर रहा है। आरोप सही नहीं होंगे तो नियमों के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया यह विषय विधानसभा सचिवालय के विचाराधीन है। ऐसे में सचिवालय देख रहा है कि इसमें कौन से तथ्य हैं और किस आधार पर यह आरोप लगाए गए हैं। यदि जांच में यह नोटिस निराधार पाया जाता है, तो नियमों के अनुसार खिलाफ भी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा दिल्ली प्रवास के दौरान राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) की आगामी अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई है।

हिमाचल दस्तक
26 AUG 2025

# प्रसाद योजना में शामिल होगी हिमाचल की मणिमहेश यात्रा

## सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा- मंजूरी के लिए केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्ताव

**हिमाचल दस्तक ■ शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्र की प्रसाद योजना में मणिमहेश यात्रा को शामिल किया जाएगा। इसका प्रस्ताव मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग ने 6 जून, 2025 को राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा है। अब इसे केंद्र को प्रेषित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां तक चंबा से मणिमहेश यात्रा का सवाल है, बरसात में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, इस बारे में उपायुक्त को आदेश जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी भाजपा विधायक जनक राज की ओर से नियम 62 के तहत लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में दी। इसके पहले जनक राज ने कहा कि इन दिनों मणिमहेश यात्रा चल रही है। मणिमहेश के लिए पैदल मार्ग है। रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही वर्षाशालिका, रास्ते अवरुद्ध हो रहे हैं। उन्होंने मणिमहेश यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्ग का भी मामला उठाया। जनक ने कहा कि यह मामला केंद्रीय मंत्री से भी उठाया गया था। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि यदि प्रदेश सरकार अनुशंसा कर प्रस्ताव भेजे तो इस यात्रा को प्रसाद योजना में शामिल किया जा सकता है। डॉ. जनकराज ने कहा कि जन्मअष्टमी से राधा अष्टमी तक मणिमेश यात्रा चलती है। बाहर से भी भारी संख्या में यहां पर श्रद्धालु यात्रा करने आते हैं लेकिन जो मणिमहेश के लिए रास्ता जाता है उसमें सुविधाओं का अभाव है। कई जगह पीने के पानी की उचित सुविधा नहीं है। वहीं कई जगह पर श्रद्धालु फंसे हुए हैं। इनको निकालने के लिए भी राहत कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि इस यात्रा को केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत लाया जाए तो यहां पर श्रद्धालुओं का काफी फायदा होगा।

इसको लेकर केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भेजा जाना चाहिए ताकि यह यात्रा प्रसाद योजना के तहत आए।

**■ सदन में डॉ. जनकराज ने उठाया मणिमहेश का मुद्दा**



### प्रसाद योजना का मामला सरकार के ध्यानार्थ

**विधायक डॉ. जनक राज के सवालों के जबाव में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि चंबा की मणिमहेश यात्रा को प्रसाद योजना में लाने का मामला सरकार के ध्यानार्थ है। इसको लेकर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। वहीं मणिमहेश यात्रा में जो यात्री फंसे है उनके राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए जाएंगे।**

हिमाचल दस्तक 26 AUG 2025 73

## सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पेखूबेला सोलर प्रोजेक्ट पर घेरा विपक्ष, बोले-

# भ्रष्टाचार का संदेह है तो ईडी को सौंपें सबूत और दर्ज करवाएं एफआईआर

- भाजपा विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने सदन में उठाया मुद्दा
- सीएम का पलटवार- बिक्रम को हो गया पेखूबेला फोबिया
- चर्चा के दौरान दोनों पक्षों के बीच हुई तीखी नोकझोंक

**हिमाचल दस्तक ▮ शिमला**

**विधानसभा** सदन में ऊना के पेखूबेला प्रोजेक्ट का मामला सदन में गूंजा। इसको लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व विधायक बिक्रम ठाकुर के बीच नोकझोंक हुई। विधायक बिक्रम ठाकुर ने नियम-63 के तहत चर्चा में भाग लिया और ऊना पेखूबेला प्रोजेक्ट का मामला उठाया।

उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। यह जीरो प्वॉइंट पर प्रोजेक्ट लगाया गया है, आज पूरा प्रोजेक्ट जलमग्न है। 32 मेगावॉट के इस प्रोजेक्ट में आज तक कभी भी पूरी बिजली पैदा नहीं हुई। प्रोजेक्ट में जनरेटर से पानी हटाया जा रहा है। वहीं जिन शर्तों पर कंपनी को प्रोजेक्ट दिया गया, उनका आज तक पालन नहीं हुआ। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि कंपनी पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए। इसमें पावर कॉर्पोरेशन अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से करोड़ों का नुकसान हुआ है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि सीबीआई पेखूबेला प्रोजेक्ट की जांच नहीं कर रही है, वह विमल नेगी मौत मामले की जांच कर रही है। सदन को गुमराह न करें प्रोजेक्ट से अभी 10 से 16 मेगावॉट ही बिजली बन रही है। इसकी डीपीआर बिलकुल भी ठीक नहीं बनी है। अगर इस प्रोजेक्ट को ठीक से चलाया जाए तो इससे किसानों को काफी लाभ होगा। एक कंपनी को लाभ देने के लिए यहां पर बिलकुल भी ठीक से काम नहीं हुआ है। इसको लेकर तो जांच की जानी चाहिए। पेखूबेला प्रोजोक्ट को ठीक करवाया जाना चाहिए और इसका लेबल ठीक करवाया जाए।

इसके जवाब में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि बिक्रम ठाकुर को पेखूबेला की बीमारी है, इनको पेखुबेला फोबिया हो गया है। इस प्रोजेक्ट की डीपीआर केंद्र ने बनाई है। केंद्र में सरकार बीजेपी की है, उनसे पूछा जाए। उन्होंने कहा कि चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले की जांच सीबीआई कर रही है, तथ्य हैं तो उन्हें दें। यदि उन्हें लग रहा है कि भ्रष्टाचार हुआ है तो ईडी को सबूत दें और एफआईआर दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर से प्रोजेक्ट फिर शुरू होगा। प्रोजेक्ट में पानी भरा हुआ है, पूरी तरह से बंद नहीं हुआ है।



## सरकार में फैसला लेने की ताकत होनी चाहिए : सीएम

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार में फैसले लेने की ताकत होनी चाहिए न कि टाइम पास सरकार हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके हाथ बांधने की बहुत कोशिश की गई, लेकिन वे रुकेंगे नहीं, क्योंकि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है। उनकी सरकार फैसले लेती है फिर चाहे कोई भी क्षेत्र हो। सरकार का हर मंत्री व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा है और सभी मंत्रियों के विभागों में व्यवस्था परिवर्तन हुआ है। सदन में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रस्ताव का जवाब आने के बाद हस्तक्षेप करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि प्राकृतिक खेती को चलाने के लिए एडिशनल डायरेक्टर स्तर का अधिकारी लगाया जाएगा। वहीं इस योजना का नाम राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना होगा। अगले साल इस योजना का स्वरूप और ज्यादा बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पूर्व सरकार नहीं जो फैसले नहीं ले पाती थी। वर्तमान सरकार तीन साल का हिसाब भी देगी और यह भी बताएगी कि उसके लिए फैसलों से हिमाचल कैसे बदला है। सीएम ने शेष @ पेज 13

- हाथ बांधने की कोशिश की गई लेकिन रुकेंगे नहीं

### तीन हजार टैक्सियों को ई-टैक्सी में बदलने जा रहे

सीएम ने सदन में एलान किया कि तीन हजार टैक्सियों को ई-टैक्सी में बदलने जा रहे हैं, जिसमें युवाओं को 40 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी। जल्दी ही ये टैक्सियां युवाओं को सौंपी जाएंगी। सीएम ने कहा कि 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल को ग्रीन राज्य के रूप में विकसित करेंगे। सीएम ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था हमारा तीसरा केंद्र बिंदु है। किसानों को खुशहाल बनाना हमारा मकसद है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चों को पौष्टिक आहार नहीं मिलता, जिसका पूरा प्रबंध किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि दो साल में सरकार ने कई तरह के प्रयास किए हैं जिसके नतीजे आने शुरू हो चुके हैं।

**सरकार में फैसला ...**

कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं, जिसमें हिमाचल तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एम्स स्तर की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिसके लिए बड़ा अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस पूरे सिस्टम को बदलने के लिए आए हैं सत्ता सुख के लिए नहीं। हमारे हाथ जितने बांध दें फिर भी कर्मचारियों को वित्तीय लाभ दे रहे हैं। 1600 करोड़ रुपये की एडिशनल बॉरोइंग बंद कर दी गई क्योंकि ओपीएस दिया। आरडीजी में कट लगा दिया गया फिर भी विकास कर रहे हैं। आम जनता के बीच सरकार 100 रुपये को बराबर बांट रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती का कंसेप्ट हिमाचल की तकदीर बदल देगा। प्राकृतिक खेती एक ऐसा माध्यम है, जो किसान को आत्मनिर्भर बनाएगा। सभी विधायकों से उन्होंने आग्रह किया कि वे किसानों के प्राकृतिक खेती के फार्म भरवाएं। जल्दी ही प्रदेश में किसानों के सम्मेलन करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व राज्यपाल आचार्य देवव्रत का उन्हें फोन आया, जिन्होंने कहा कि जिस सोच व लगन के साथ आपने इस खेती को बढ़ावा दिया है, उससे हिमाचल पूरे देश को रास्ता दिखाएगा।

हिमाचल दस्तक 26 AUG 2025

75

## सदन की ओर...



सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और केवल सिंह पठानिया

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना सबकी जिम्मेदारी: शिव प्रताप शुक्ल



**हिमाचल दस्तक ▮ शिमला**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने सोमवार को शिमला जिला के मशोबरा ब्लॉक के सिपुर में हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसायटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया।

**▮ सिपुर में राज्यपाल ने पौधरोपण अभियान में लिया भाग**

इस अवसर पर राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त संदेश देते हुए देवदार का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश अपनी हरी-भरी घाटियों, बर्फ से ढकी चोटियों और नदियों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, राज्य ने भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है। उन्होंने कहा कि धरती पर घटित होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की तत्काल आवश्यकता की याद दिलाती हैं। वनों का अनियंत्रित कटान, जल संसाधनों का प्रदूषण और अनियोजित विकास के कारण पृथ्वी का संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पौधरोपण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह एक जीवन रक्षक पहल है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के माध्यम से हम मिट्टी और जल का संरक्षण सुनिश्चित करते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य का निर्माण करते हैं। इस अवसर पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मशोबरा के विद्यार्थियों द्वारा प्रधानाचार्या अनीता गुप्ता के मार्गदर्शन में लगभग 120 पौधे लगाए गए। वन अधिकारियों, रेडक्रॉस सदस्यों और स्थानीय लोगों ने भी पौधरोपण अभियान में भाग लिया।

आपका फैसला
26 AUG 2025

75

# मणिमहेश यात्रा को प्रसाद योजना में किया जाएगा शामिल : मुख्यमंत्री

## श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, इस बारे में जारी किए जाएंगे आदेश

शिमला, (आपका फैसला)। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि मणिमहेश यात्रा को प्रसाद योजना में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग की ओर से 6 जून, 2025 को यह प्रस्ताव आया है। जहां तक चंबा से मणिमहेश यात्रा का सवाल है, बरसात में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, इस बारे में उपायुक्त को आदेश जारी किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने यह जानकारी भाजपा विधायक जनक राज की ओर से नियम 62 के तहत लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में दी। इससे पहले, जनक ने कहा कि इन दिनों मणिमहेश यात्रा चल रही है। मणिमहेश के लिए पैदल मार्ग है। रास्ते में श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही वर्षाशालिका। रास्ते अवरुद्ध हो रहे हैं। उन्होंने मणिमहेश यात्रा के लिए वैकल्पिक मार्ग का भी मामला उठाया। जनक ने कहा कि यह मामला केंद्रीय मंत्री से भी उठाया -(शेष पृष्ठ 11 पर)-



### विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। सोमवार को विधायक ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को भेजे पत्र में सदन में कई बार झूठी और गुमराह करने वाली जानकारियां देने का सीएम सुक्खू पर आरोप लगाया है। सुधीर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस नोटिस की जानकारी सार्वजनिक की। सुधीर ने कहा कि सीएम ने कई गलत सूचनाएं दी हैं।

### मणिमहेश यात्रा...

गया था। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि यदि प्रदेश सरकार अनुशंसा कर प्रस्ताव भेजे तो इस यात्रा को प्रसाद योजना में शामिल किया जा सकता है। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर नोटिस शेयर नहीं कर सकते हैं। विधानसभा सचिवालय के पास यह पत्र विचाराधीन है। पत्र पर विचार किया जा रहा। कौन से ऐसे तथ्य हैं, जिनका उन्होंने उल्लेख किया है, इसका पता लगाया जाएगा। अगर, तथ्य सही नहीं हुए और बेबुनियाद पाए, तो इसके खिलाफ भी कई प्रावधान हैं। हम देख रहे हैं कि विधायक ने क्या-क्या मामला उठाया है। इस बाबत उचित फैसला लिया जाएगा।

76

आपका फैसला 26 AUG 2025

# राज्यपाल ने सिपुर में पौधारोपण अभियान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया



**शिमला, (आपका फैसला)।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला जिला के मशोबरा ब्लॉक के सिपुर में हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसायटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वाधान से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर, राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण का एक सशक्त संदेश देते हुए देवदार का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर, राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश अपनी हरी-भरी घाटियों, बर्फ से ढकी चोटियों और नदियों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में, राज्य ने भूस्खलन, अचानक बाढ़ और बादल फटने जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है। उन्होंने कहा कि धरती पर घटित होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की तत्काल आवश्यकता की याद दिलाती हैं। वनों का अनियंत्रित कटान, जल संसाधनों का प्रदूषण और अनियोजित विकास के कारण पृथ्वी का संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत पौधरोपण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यह एक जीवन रक्षक पहल है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के माध्यम से हम मिट्टी और जल का संरक्षण सुनिश्चित करते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य का निर्माण करते हैं। इस अवसर पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मशोबरा के विद्यार्थियों द्वारा प्रधानाचार्या अनीता गुप्ता के मार्गदर्शन में लगभग 120 पौधे लगाए गए। वन अधिकारियों, रेडक्रॉस सदस्यों और स्थानीय लोगों ने भी पौधरोपण अभियान में भाग लिया। इससे पहले, राज्यपाल ने सिपुर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। राज्यपाल के सचिव सी.पी. वर्मा और मुख्य अरण्यपाल के. थिरुमल ने राज्यपाल का स्वागत किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रियांशु, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन नेगी, जिला अधिकारी, रेडक्रॉस सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।